

हिन्दी दैनिक

# विशाल विचार

हर खबर पर पैनी नजर

कानपुर से प्रकाशित

ई -पेपर ( www.vishalvichar.in ) | 30 जून 2025 , सोमवार | RNI No. : UPHIN/2018/76525 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 5:00 रुपया



2 एक पेड़ माँ के नाम | 3 हर समस्या पर होगी प्रवाही कार्यवाही | 5 अकाउंटेंट ने काली कमाई से जुटाई 1.36 करोड़




## हिंदू समाज को स्नेह सूत्र में बांधना ही संघ का लक्ष्य

● भागवत ने कहा-संघ का मूल विचार ही 'अपनापन' है ● 26 अगस्त से शुरू होगा शताब्दी समारोह, तैयारी शुरू

**पुणे (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल विचार अपनापन है। अगर आरएसएस को एक शब्द में बयान किया जाए तो वह 'अपनापन' होगा। भागवत बोले- संघ का उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को अपनेपन और स्नेह के सूत्र में बांधना है। साथ ही, हिंदू समाज ने यह जिम्मेदारी भी ली है कि वह पूरी दुनिया को भी इसी अपनेपन के सूत्र में बांधे। संघ प्रमुख भागवत पुणे में आयुर्वेदाचार्य दिवंगत वैद्य पीवाय खडीवाले की जीवनी के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। जानवरों के मुकाबले इंसान के पास बुद्धि होती है। अगर वह बुद्धि का सही इस्तेमाल



करे तो और बेहतर बन सकता है, लेकिन अगर उसी बुद्धि का गलत इस्तेमाल करे तो और भी बुरा बन सकता है। इंसान को बुराई से रोकने वाली एकमात्र चीज है अपनापन और स्नेह। 'गिविंग बैक' शब्द आज अंग्रेजी में फैशन बन गया है, लेकिन भारत में यह भावना बहुत पहले से है। भागवत ने कहा कि संघ यह सिखाता है कि अगर कोई आपके प्रति अपनापन दिखा रहा है, तो आपको भी वैसा ही स्नेह और करुणा दिखानी चाहिए। संघ क्या करता है। यह हिंदुओं को संगठित करता है। इस बढ़ती हुई आत्मीयता की भावना को और मजबूत किया जाना चाहिए, क्योंकि पूरा विश्व इसी से चलता है।

## कोलकाता गैंगरेप केस की जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

● पीड़िता के शरीर पर काटने और खरोंचने के मिले हैं निशान

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को



1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी शामिल हैं।

## जब संसद नियम से परे जाए तो न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी

● सीजेआई गवई बोले-लेकिन यह ज्यूडिशियल टेररिज्म न बने

कहा-अधिकारों की रक्षा के लिए अदालतों की सक्रियता जरूरी



**नागपुर (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता। सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया। अपने जीवन पर माता-पिता के प्रभाव के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए।

### न्यायिक आतंकवाद या ज्यूडिशियल टेररिज्म

यह कोई कानूनी शब्द नहीं है, और इसका इस्तेमाल करना न्यायपालिका का अपमान माना जाता है। जब कोई पक्ष मानता है कि अदालत निष्पक्ष नहीं है। या अदालत बार-बार ऐसे आदेश देती हो जो किसी खास राजनीतिक विचारधारा या समूह के खिलाफ लगते हैं। जब अदालत या न्यायिक संस्थान अपने निर्णयों या दखल से किसी पक्ष को ऐसा महसूस कराए कि उन्हें डराया, धमकाया या दबाया जा रहा है, तो कुछ लोग आलोचना में इस स्थिति को ज्यूडिशियल टेररिज्म कहा जाता है। जब मेरे नाम की सिफारिशजज के पद के लिए की गई, तो मेरे पिता बहुत खुश हुए।

## ड्रोन हमलों से निपटने के लिए सेना ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ड्रोन हमलों से निपटने का समाधान ढूंढ़ने के लिए परीक्षण कर रही है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकी ठिकानों के खिलाफ शुरू



किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस्लामाबाद ने बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। रक्षा मंत्रालय के पूर्व प्रधान सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल वीजी खंडारे (सेवानिवृत्त) ने इंडिया स्पेस कांग्रेस में संवाद सत्र में कहा, ड्रोन हमलों से निपटने के लिए सशस्त्र बल पहले से ही परीक्षण कर रहे हैं।

## पीएम मोदी ने एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से की बात

● पीएमओ ने फोटो शेयर किया, 2 दिन पहले पहुंचे थे स्पेस स्टेशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने 5.49 पर इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच करीब 18 मिनट बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून की शाम 4.01 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं।

## जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह

● पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए; कहा-आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं। पीएम ने कहा-आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को 'आचार्य' की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों,





संयम और करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह पूरे साल भर चलेगा।

इस दौरान जैन समाज की ओर से देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पीएम ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक 'युग पुरुष' थे, 'युग दृष्टा' थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है। पीएम ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है।

## घाटी के दौरे पर संसदीय समिति, जानेगी लोगों का दर्द

● दिक्कतों पर करेगी चर्चा, सांसद वैष्णो देवी धाम पहुंचे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पब्लिक गवर्नेंस और लॉ-जस्टिस की संसदीय समिति शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर है। कमेटी के मेंबर सुबह जम्मू से वैष्णो देवी धाम पहुंचे। इसके बाद वह पहलगाम का दौरा भी कर सकते हैं। कमेटी के चेयरमेन भाजपा सांसद और पूर्व पुलिस महानिदेशक बृजलाल ने बताया कि अब तक 6-7 सांसद जम्मू पहुंचे हैं और बाकी श्रीनगर में जुड़ेंगे। यह कमेटी जम्मू-कश्मीर में सरकारी कामकाज, लॉ एंड जस्टिस और लोगों को हो रही समस्या की समीक्षा करेगी। उन्होंने बताया





कि समिति दो दिन जम्मू में रहेगी, फिर श्रीनगर जाएगी। इस दौरान वह पहलगाम जाने की कोशिश भी करेंगे। इससे पहले बृजलाल उस डेलिगेशन का भी हिस्सा थे, जो पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने जापान-सिंगापुर गया था। केंद्र सरकार 7-8 जुलाई को पहलगाम में एक हाई लेवल मीटिंग भी करेगी, इसमें सभी राज्यों के पर्यटन सचिव शामिल होंगे। यह बैठक पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित की जाएगी। दौरे के दौरान समिति जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अतुल डुल्लू और दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा समिति माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग से भी मुलाकात करेगी।

केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लास

## मुस्लिम संगठन का विरोध


● बोले-ये अश्लीलता, शिक्षा मंत्री ने कहा-ऐसी सोच ड्रग्स से ज्यादा जहरीली

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई है। मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अश्लीलता को बढ़ावा देने जैसा है। हमें इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा- मेरा बेटा इस सेशन में भाग नहीं लेगा। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी सोच समाज में नशीली दवाओं से भी ज्यादा घातक जहर घोल देंगी। मुस्लिम नेता बोले- फिटनेस के नाम पर अश्लीलता ना थोपें एक मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता नसर फैजी कूदाथाई ने इस कदम को गलत बताया।



## कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शेफाली को अटैक आया था।



## बीजेपी और आरएसएस को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए

● राहुल बोले- संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वह समानता की बात करता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान से सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द हटाने पर विचार करने से जुड़े संघ महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। संविधान इन्हें चुभता है, क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा, भाजपा-संघ बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना



चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। दरअसल, होसबाले ने 26 जून को दिल्ली में कहा था कि यह संविधान में नहीं था।

अब बिहार बनेगा बिजली का 'पावर सेंटर'

## भागलपुर में लगने जा रहा 2400 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगने वाला है। इसे चार निजी बिजली कंपनियां मिलकर लगाएंगी। इसमें अडानी पावर, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, टोरेंट पावर और बजाज ग्रुप की ललित पावर शामिल हैं। यह बिहार के बिजली क्षेत्र में सबसे बड़ा प्राइवेट इन्वेस्टमेंट होगा। इस प्रोजेक्ट पर 28,000 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना, प्रक्रिया के लिए नोडल एजेंसी होगी। कंपनियों ने 17 जून, 2025 को ई-बिडिंग में भाग लेने के लिए आवेदन किया था। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 25 जून, 2025 थी। सरकार ने पहले ही 1200 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया है। इस काम के लिए मुंबई की एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड कंसल्टेंसी दे रही है। प्लांट को पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोयला मिलेगा। गंगा नदी



से पानी लिया जाएगा। भागलपुर जिले के पीरपैंती में लगने वाले इस प्रोजेक्ट राज्य में बिजली क्षेत्र में सबसे बड़ा प्राइवेट इन्वेस्टमेंट होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत, 800 एमजी क्षमता की तीन यूनिट लगाई जाएंगी। कुल मिलाकर 2400 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना इस प्रोजेक्ट के लिए नोडल एजेंसी होगी। यानी कंपनी ही इस प्रोजेक्ट की देखरेख करेगी। यह प्रोजेक्ट टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटिटिव बिडिंग प्रक्रिया के तहत होगा। एजेंसी का मतलब है कि जो कंपनी सबसे कम दाम पर बिजली देने का वादा करेगी, उसे यह प्रोजेक्ट मिलेगा। प्राइवेट बिजली कंपनियों ने पटना की ओर से शुरू की गई बिडिंग प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने अपने आवेदन जमा किए हैं। ऊर्जा विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने बताया, जेनरेशन कंपनी ने 17 जून, 2025 को प्राइवेट कंपनियों से ई-बिडिंग में भाग लेने के लिए आवेदन मांगे थे।

# एक पेड़ मां के नाम : जनसहभागिता से जुलाई में होगा पौधारोपण महायज्ञ

» उच्च स्तरीय बैठक की और अधिकारियों को इस अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप देने के निर्देश दिए

**विशाल विचार**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव की तैयारियों की गहन समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक की और अधिकारियों को इस अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप देने के निर्देश दिए। एक बयान में यह जानकारी दी गई। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार हमारा एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित इस वृक्षारोपण महाअभियान में हमारा सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्एक नवजात शिशु को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार वन महोत्सव में कुल 35 करोड़ पौधे रोपे जाने हैं, जो उत्तर प्रदेश की कुल आबादी से भी अधिक होगी। उन्होंने इसे एक बड़ा पर्यावरणीय आयोजन बताते हुए कहा कि इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए और पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाए। कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की आपूर्ति के लिए 1901 वन विभाग की पौधशालाओं, 146 उद्यान विभाग की पौधशालाओं, 55 रेशम विभाग की पौधशालाओं तथा 484 निजी पौधशालाओं में कुल 52 करोड़ 43 लाख पौधों की नर्सरी तैयार की गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में नीम, पाकड़, पीपल जैसे वृक्षों का रोपण प्राथमिकता से किया जाए जो गोवंश के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

### गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ और गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए

मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस-वे के किनारे वृक्षारोपण का विशेष निर्देश देते हुए कहा कि गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ और गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए, जिससे सर्विस लेन और मुख्य मार्गों के बीच आकर्षक हरित पट्टी तैयार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों से कम से कम एक पौधा अवश्य लगवाने के लिए समन्वय की आवश्यकता जताई और कहा कि प्रत्येक ग्राम सचिवालय, कृषि विज्ञान केंद्रों तथा सार्वजनिक संस्थानों को भी पौधरोपण लक्ष्य से जोड़ा जाए।

## उत्तर प्रदेश सरकार कृषि ड्रोन, यंत्र खरीदने पर दे रही सब्सिडी, आवेदन शुरू



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश सरकार खेती को बढ़ावा देने के साथ ही उत्पादन अधिक और लागत कम की अवधारणा पर काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आवेदन शुरू हो गया है। किसान इसके लिए 12 जुलाई तक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.एग्रीदर्शन.यूपी.जीओवी.इन पर पंजीकरण कर सकते हैं। इसी पोर्टल पर इस संबंध में और जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बयान में कहा गया कि पंजीकरण 27 जून से शुरू हुआ है, जो 12 जुलाई तक चलेगा। पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यंत्रों के विवरण, यंत्र बुकिंग व सब्सिडी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेश , मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू व अन्य योजना के हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रमुख कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण इत्यादि पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। कृषि विभाग के मुताबिक, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेंटर, फॉर्म मशीनरी बैंक, किसान ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर विद सुपर एसएमएस, न्यूमेटिक प्लांटर, मेज सेलर, पॉपिंग मशीन, बैच ड्रायर, थ्रेसिंग फ्लोर, स्मॉल गोदाम, ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिटा मिनी एक्सट्रैक्शन यूनिट, शुगर केन सेटलिंग प्लांटर, शुगर केन पॉवर वीडराइंटर रो कम इंट्रा रो वीडर (पीटीओ ऑपरेटेड) एवं अन्य कृषि यंत्रों पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उप्र : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जातिगत विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफियाओं के आगे घुटने टेक दिए और सत्ता को गिरवी रख दिया। दानवीर भामाशाह जयंती एवं व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर यहां लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों पर निशाना साधते हुए यह टिप्पणी की। आदित्यनाथ ने कहा, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफियाओं के आगे घुटने टेक दिए और सत्ता को गिरवी रख दिया। जाति के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाले आज भी घूम-घूम कर समाज को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले नौकरी के नाम पर पैसे ऐंठ्ते थे, अब जाति के नाम पर बांट रहे हैं। इसीलिए मैंने कहा बटोगे तो काटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। मुख्यमंत्री ने लोगों से भामाशाह के आदर्शों को अपनाने तथा समाज को जातिगत भेदभाव से मुक्त रखने का भी आह्वान किया। व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए आदित्यनाथ ने उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### निर्माणाधीन पिलर व बाउंड्री गिराने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**विशाल विचार**

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के सरसवां में दो पक्षों के बीच चल रहे जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाया है। सरसवां के रहने वाले पीड़ित नागेन्द्र सिंह के अनुसार उनके भाई अनिल की करोना काल में मौत हो गई थी।उनकी पत्नी छाया सिंह व उनके दो नाबालिग पुत्रियां है। पीड़ित का आरोप है कि वह 27 जून को अपने भाई के प्लाट पर कुछ काम करवा था। इसी बीच अमित सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट खेतोई जिला हरदोई हाल पता सरसवा अर्जुनगंज लखनऊ व राम मूर्ति सिंह निवासी सरसवां अर्जुनगंज द्वारा उनके प्लाट पर लगे सारे पिलर गिरवा कर तोड़ दिये गए और उन्हें इधर उधर फेंकवा भी दिया गया। इसके साथ ही आरोपितों द्वारा पीड़ित को धमकी भी दी जा रही है।पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की थी जिसपर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नहाने के लिए नहर में कूदा मजदूर, डूबा

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र में शनिवार को मजदूरी कर लौट रहा युवक नहाने के लिए पहाड़ नगर टिकरिया गांव के पर इंद्रानहर में कूदा था जिसमें पानी के तेज बहाव के चलते वह डूब गया। साथी मजदूर ने उसके कपड़े व साइकिल ले जाकर उसके परिजनों को देते हुए घटना की जानकारी दी। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पहुंच पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार गोसाईगंज के सठवारा गांव का रहने वाला राम अवध (25) शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे गांव के ही रामपाल के घर पहुंचा। जहाँ उसने उनके लड़के दीपक उर्फ कुलदीप (24) को कपड़े और साइकिल दी।और रामपाल को बताया कि उसका बेटा नहाने के लिए इंदिरा नहर में कूदा था। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वह डूब गया।बेटे के डूबने की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी।जिसके बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। अवध राम ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि वह दोनों मजदूरी करके घर वापस लौट रहे थे तभी दोनों ने खुर्दही में ठेके पर शराब पी और मुर्गा भी खरीदा। उसके बाद पहाड़नगर गांव के पास स्थित इंद्रानहर के पास पहुंचा नशे में धुत दीपक कपड़े उतार कर नहाने के लिए इंद्रानहर में कूद गया था। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की गई लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। अब रविवार को एसडीआरएफ टीम की मदद से नहर में उसकी खोजबीन की जाएगी। वहीं परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।

## छूट के साथ आज भी खुले रहेंगे जोनल कार्यालय और कैश काउंटर




**लखनऊ,** वर्तमान वित्तीय वर्ष में नगर निगम लखनऊ द्वारा भवन स्वामियों को गृहकर पर दी जा रही 10 प्रतिशत की विशेष छूट की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है। इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ उठाने हेतु अब केवल तीन दिन शेष रह गए हैं। अनुमान है कि इन अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में भवनस्वामी गृहकर का भुगतान करेंगे। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के आदेशानुसार रविवार, 29 जून 2025 को भी गृहकर जमा कराने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस क्रम में नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों एवं कैश काउंटरों को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक खुले रखने का निर्देश दिया गया है।नगर निगम प्रशासन का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक नागरिक इस छूट का लाभ उठाएं और निर्धारित समयसीमा में अपना गृहकर जमा करें। इस निर्णय से जहां एक ओर भवनस्वामियों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव होगी। सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इस छूट योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि शहर के अधिकतम नागरिक समय पर गृहकर का भुगतान कर सकें।चीफ टैक्स असेसमेंट ऑफिसर अशोक सिंह ने बताया कि लखनऊ के सभी भवनस्वामी 30 जून 2025 तक गृहकर जमा कर 10: छूट का लाभ उठाएं और नगर के विकास में सहभागी बनें।

## लखनऊ में सैन्य अधिकारी पर पुलिसकर्मी के हमले की जांच शुरू




**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा भारतीय सेना के एक अधिकारी पर हमला करने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। सेना ने अपने अधिकारी के साथ हुई इस घटना की कड़ी निंदा की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने लखनऊ पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर इस संबंध में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। भारतीय सेना की लखनऊ स्थित सूर्या कमान ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा कि सेवारत सेना अधिकारी के खिलाफ लखनऊ में दुर्व्यवहार के मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच की जा रही है। तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। पोस्ट में आगे कहा गया कि मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया (एमयूपीएसए) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सलिल सेठ ने स्टेशन कमांडर के साथ लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेंद्र के सेंगर से मुलाकात कर त्वरित और निष्पक्ष जांच के लिए दबाव बनाया। पोस्ट के अंत में कहा गया कि भारतीय सेना अपने कर्मियों के साथ दृढ़ता से खड़ी है तथा त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई की उम्मीद करती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कथित हमला 22 जून को पीजीआई थाना क्षेत्र में लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद प्रकाश सुमन पर किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल सुमन वर्तमान में पटना में बिहार एवं झारखंड एनसीसी निदेशालय में तैनात हैं। उन्होंने मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि तेलीबाग चौराहे पर पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआई) की ओर कार से जाते समय सडक़ पर गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक पुलिसकर्मी ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जैसे ही उन्होंने अपनी कार की खिडक़ी खोली, उन्हें थप्पड़ मार दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल सुमन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाना), 125 (ए) (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### रजिस्ट्री के कागज व 20 हजार रुपये लेकर युवती गायब

**विशाल विचार**

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति के अनुसार उसकी 16 बर्षीय नाबालिग पुत्री 25 जून की रात लगभग 10 बजे घर में रखे 20 हजार रुपये व जमीन की रजिस्ट्री लेकर गायब हो गई थी। जिसकी वह तलाश कर रहा था तभी उसे जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को गोसाईगंज के बस्तियां गांव के रहने वाले रामनाथ का पुत्र जीवन द्वारा बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। जिसपर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर दोनों की तलाश कर रही है।

## संविधान के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ होने पर बसपा चुप नहीं बैठेगी : मायावती



**लखनऊ,** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर संविधान में अनावश्यक बदलाव करने का आरोप लगाया है। संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मायावती ने शनिवार को कहा, इस संबंध में मैंने कहा है कि संविधान की मूल भावना और उद्देश्य, प्रस्तावना में जो कुछ भी लिखा या दर्शाया गया है, उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने लखनऊ में संवाददाताओं से कहा, अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग क्या कहते हैं, भाजपा वाले क्या कहते हैं, कांग्रेस वाले क्या कहते हैं, मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। लेकिन अगर भारतीय संविधान के साथ, भारतीय संविधान के उद्देश्यों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ की गई तो हमारी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हमारी पार्टी निश्चित रूप से इसके विरोध में सडक़ों पर उतरेगी। अभी हम सब इस पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने जीवन भर के अथक संघर्षों के अनुभवों के आधार पर भारत को हर दृष्टि से अत्यंत मानवीय संविधान दिया। मायावती ने कहा, लेकिन कांग्रेस पार्टी जब केंद्र में सत्ता में थी और अब पिछले कुछ वर्षों से सत्ता पर काबिज भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के लोगों ने संविधान को करोड़ों देशवासियों के हित में कभी भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू नहीं किया। इन दोनों दलों और उनके समर्थकों ने अपनी पार्टी की विचारधारा और राजनीतिक हितों के अनुरूप समय-समय पर संविधान में कई अनावश्यक परिवर्तन किए हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि इन दलों को अपनी संकीर्ण सोच और राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर आम लोगों और देश के हित में संविधान और उसके मानवीय उद्देश्यों के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए ताकि हमारे संविधान की पवित्रता हमेशा बरकरार रहे। उन्होंने कहा, संविधान और उसकी प्रस्तावना में प्रयुक्त शब्द देश की आत्मा को संतुष्ट करते हैं तथा बहुत सोच-विचार के बाद ही इन्हें देश में लागू किया गया है। अब इनके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ उचित नहीं है, बल्कि यह अत्यंत अनुचित होगा। यही बसपा की इन पार्टियों को सलाह भी है। मायावती ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि संविधान के मामले में देश को बार-बार ऐसी अप्रिय स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल की स्थिति का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा, बंगाल समेत पूरे देश में कहीं भी हमारी महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। यह भी बहुत चिंता का विषय है। केंद्र और सभी राज्य सरकारों को इस मामले पर जरूर ध्यान देना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची में सुधार के बारे में कही जा रही विभिन्न भ्रामक बातों पर भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर यह कार्य पूरा किया जाना चाहिए, ताकि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरा हो सके।

## राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बनेंगे सामाजिक चेतना के केंद्र

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह निर्णय केवल एक औपचारिक नामकरण नहीं, बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य इंजीनियरिंग शिक्षा को सिर्फ तकनीकी दक्षता तक सीमित न रखते हुए छात्रों को सामाजिक चेतना, न्याय, समरसता और प्रेरणा से भी जोडऩा है। बयान के मुताबिक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़ अब भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़ कहलाएगा। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिर्जापुर अब सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिर्जापुर के नाम से जाना जाएगा। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती का नाम अब भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती होगा। इसी तरह राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोण्डा अब मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोण्डा होगा और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी अब लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया गया यह निर्णय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति के बाद अब औपचारिक रूप से लागू हो गया है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इस पहल को नई पीढ़ी को मूल्यों से जोडऩे वाली ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को तकनीकी विशेषज्ञता के साथ सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

## जहां-जहां ज़मीन दिखाई दे रही, वहां-वहां भाजपा के लोग कब्जा कर रहे : अखिलेश



**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर शनिवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जहां-जहां जमीन दिखाई दे रही है, वहां-वहां भाजपा के लोग कब्जा कर रहे हैं। यादव ने यहां सपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में गोरखपुर में बन रहे विरासत गलियारा के लिए व्यापारियों और नागरिकों की जमीन अधिगृहीत किए जाने का मामला उठाते हुए शासन-प्रशासन के साथ ही भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर 25 जून को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में गोरखपुर गए चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर लेकर रास्ता रोकने, दुर्व्यवहार करने, वाहनों पर अंडे और पत्थर फेंकने तथा काला झंडा दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इनका जो फर्जी विरासत गलियारा बन रहा है, सपा सरकार बनने पर विकास का गलियारा बनाएगी। सपा प्रमुख ने गोरखपुर में विरासत गलियारा के वास्ते मुआवजा सहमति के स्थान पर बाजार भाव से देने की मांग करते हुए दावा किया कि सरकार शासन-प्रशासन का दबाव बनाकर, पुलिस को आगे करके व्यापारियों और वहां के निवासियों से जबरदस्ती सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवा रही है, ताकि उन्हें मुआवजा ज्यादा न देना पड़े। बुलडोजर को अन्याय का प्रतीक बताते हुए यादव ने अपने कार्यकर्ताओं को बधाई दी और आह्वान किया कि वे न बुलडोजर से डरें, न अंडों से और न ही काले झंडों से। उन्होंने विधानमंडल के दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष को गोरखपुर में व्यापारियों की आवाज बनने के लिए बधाई देते हुए कहा, हम उनसे कहेंगे कि वे वहां (गोरखपुर) के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के खिलाफ लिखकर कार्रवाई की मांग करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके खिलाफ अगर आज कार्रवाई नहीं होती है तो जब जनता समाजवादियों को मौका देगी तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। यादव ने यह भी कहा कि व्यापारी भी अगर हिम्मत जुटाएं और यह लिख कर दें कि उन पर सहमति के लिए दबाव बनाया जा रहा है तो समय आने पर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री की ओर संकेत करते हुए कहा, सोचिए, वह कब विरासत गलियारा बना रहे हैं, जब उनके पास आखिरी बजट बचा है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें गोरखपुर (मुख्यमंत्री योगी का गृह जिला) के लिए कुछ काम करना था तो उन्हें सबसे पहले अपनी पहली घोषणा याद रखनी चाहिए। सपा प्रमुख ने योगी आदित्यनाथ के सिलसिले में कहा, उन्होंने गोरखपुर के लिए सबसे पहले घोषणा झांसी में जाकर की थी और कहा था कि झांसी के साथ-साथ गोरखपुर में मेट्रो (मेट्रो रेल सेवा) बनाएंगे। दिल्ली सरकार के 11 साल और यहां के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन न झांसी में मेट्रो बनी और न गोरखपुर में मेट्रो बनी। उन्होंने तंज कसा, गोरखपुर के लोग जानते होंगे कि वहां पर गोरख धंधा चल रहा है।

### ओपी राजभर का नाम रातभर होना चाहिए, रातभर पाला बदलने के बारे में सोचते रहते हैं : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुखिया और प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर तंज कसते हुए कहा कि उनका नाम ओपी रातभर होना चाहिए, क्योंकि वह रात भर दल बदलने के बारे में सोचते रहते हैं। वहीं यादव के इस बयान पर पलटवार करते हुए राजभर ने कहा कि चाहे सपा प्रमुख रात में सपना देखे, चाहे दिन में सत्ता वर्षों तक उनसे दूर ही रहेगी। दरअसल, शनिवार को पार्टी मुख्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से संवाददाताओं ने इटावा में यादव कथावाचक की पिटाई मामले में राजभर के एक बयान पर उनसे प्रतिक्रिया मांगी तो अखिलेश ने व्यंग्यात्मक लहजे में उन पर टिप्पणी की।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई जरूरतमंदों को मिलेगा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों को भरोसा देते हुए कहा कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी और जरूरतमंदों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने अपनी नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश भी दिया। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। बयान में कहा गया कि जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सभी से उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का वादा भी किया। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।(भाषा)

## राष्ट्रपति मुर्मू का भव्य स्वागत करेगा गोरखपुर : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यहां गोरखपुर में भव्य स्वागत किया जाएगा। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार दो दिवसीय दौरे पर आ रहीं राष्ट्रपति मुर्मू 30 जून को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद अगले दिन एक जुलाई को मुर्मू भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, सभागार, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और छात्रावास का शिलान्यास करेंगी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति के स्वागत में कोई कमी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। योगी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम को भव्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। आयुष विश्वविद्यालय में निरीक्षण के दौरान कुलपति, कई जनप्रतिनिधि, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद रहे। राष्ट्रपति के कार्यक्रमों को लेकर मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी लोग पूरी जिम्मेदारी से राष्ट्रपति के कार्यक्रम को यादगार बनाने में जुट जाएं।(भाषा)

# किसानों में वरदान साबित हो रही पीड़ित पशुओं के इलाज के लिए उपलब्ध होने वाली एम्बुलेंस सेवा

**रामनगर बाराबंकी,**



प्रदेश सरकार की ओर से दूरभाष पर पीड़ित पशुओ के इलाज हेतु उपलब्ध होने वाली एम्बुलेंस सेवा किसानों में वरदान स्वरुप मानी जा रही है। बीमार पशु के लिये अब किसानों को इलाज हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। योग्य चिकित्सीय टीम का लाभ उन्हे मात्र उन्नीस बासठ की एक काल पर मिल रहा है। मालूम हो कि प्रदेश सरकार की ओर से बीमार पशुओं के तत्काल इलाज के लिये दूर दराज क्षेत्रो के लिये माह अप्रैल वर्ष 2023 से एक काल पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। जिन क्षेत्रों में पशु चिकित्सालय अथवा उनके सहायक केन्द्र दूर पड़ते है। वहां के पशुपालक किसानों में सरकार की यह योजना बहुत ही मुफीद साबित हो रही है। मोबाईल बेटनरी यूनिट में कार्यरत डा राहुल वर्मा और सहयोगी आकाश कुमार तथा पायलट दिलीप कुमार सहित अन्य टीमें ड्यूटी के चार्ट के अनुसार पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों के लिये जन जागरण अभियान चलायें हुए है। दूर दराज के गांवों में पीड़ित पशुओं को उनके पालकों की ओर से उन्नीस बासठ की एक काल पर गुणवत्ता परक इलाज भी उपलब्ध हो रहा है। विकास खंड सूरतगंज के जुरौन्डा गांव में अरविन्द कुमार सिंह की शाहीवाल गाय और श्रवण कुमार सिंह की देशी गाय एम्बुलेंस सेवा के इलाज से पूरी तरह स्वस्थ हो गयी। मुन्ना सिंह की भैंस का इलाज चल रहा है। शनिवार को ब्लाक फतेहपुर के इंटौजा गांव में अपने पीड़ित पशु के लिये हिमांशु ने उन्नीस बासठ पर काल कर सरकारी लाभ को प्राप्त किया। खैर यह तो मात्र बानगी भर है। इस सम्बंध में हमारे संवाददाता ने डॉ. राहुल वर्मा से बात की तो उनका कहना था कि शासन की मंशा के अनुरुप पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये प्रति दिन तीन गांवों में जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये कृमि नाशक और सम्बंधित दवाईयों का वितरण भी किया जाता है।

# जैदपुर कस्बे में मोहर्रम की मजलिसों का सिलसिला जारी



विशाल विचार

## वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद मे मनाया गया यौमे अली असगर

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कर्बला में शहादत की याद मे होने वाली दस दिनों तक होने वाली मजलिसों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद तालुकदार जैदपुर में इमाम हुसैन के छह माह के बेटे हज़रत अली असगर की याद में यौमे अली असगर मनाया गया। ज्ञात हो की मोहर्रम के पहले जुमे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिया धर्मगुरूओं द्वारा हज़रत अली असगर की याद में उक्त दिन पर प्रोग्राम आयोजित किया जाता रहा है। कर्बला में यज़ीद और उसकी फौज के द्वारा इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम पर जुल्म की हद ये थी की उनके छह माह के बेटे अली असगर को उनकी गोद में भूखा प्यासा तीर मार कर शहीद कर दिया गया। जब वह अपने बेटे के लिए पानी का सवाल यज़ीद की फौजों से कर रहे थे। यौमे अली असगर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद और मासूम बच्चों पर जुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए मनाया जाता रहा है। इस अवसर पर जनाब मौलाना जाबिर जौरासी, जनाब मौलाना मुराद रज़ा, जनाब मौलाना अता मेहदी, जनाब मौलाना क़मर अब्बास ख़ान साहब ने तक़रीर की और इस दिन की अहमियत और मक़सद को बयान किया। कार्यक्रम का संचालन सैयद कामिल रिज़वी ज़ैदपुरी ने किया। तमाम अज़ादारों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ यौमे अली असगर में शिरकत कर अली असगर की शहादत को याद किया। जैदपुर में वक्फ बुनयादिया इमामबाड़ा बड़ी सरकार, इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी, इमामबाड़ा मीर ऐनुल हुसैन एव इमामबाड़ा मीर मुख़लिस हुसैन में भी मजलिसे आयोजित की गयी।

# बदोसरांय कोतवाली में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,**

बदोसरांय कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय की अध्यक्षता और प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के संयोजन में यह कार्यक्रम थाना परिसर के आगंतुक कक्ष में आयोजित हुआ। कायक्रम में कुल दस शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दरीगापुर निवासी प्रवेश गौतम ने पैमाइश कराने की मांग की थी,जिसका निस्तारण कर दिया गया। राजापुर के नवीन कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत दर्ज कराई। नायब तहसीलदार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जय प्रकाश, लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रेमचंद्र, राधेश्याम वर्मा, शुभेंद्र अवस्थी, महेंद्र जायसवाल, बृजेश वर्मा, अवधेश शुक्ला, लेखपाल चकबंदी और ग्राम प्रधान निसार मेहंदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बस की ट्रक से टक्कर से तीन लोगों की मौत

**फिरोजाबाद।** जिले के नागला खंगर थानाक्षेत्र में शनिवार तड़के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक निजी बस के ट्रक से टकरा जाने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सिरसागंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिवेश कुमार ने बताया कि नागला खंगर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 63 के पास शनिवार तड़के दिल्ली से जालौन जा रही एक निजी बस आगे जा रहे टाइल लदे एक ट्रक से टकरा गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह हादसा बस के चालक की झपकी आने की वजह से हुआ। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की एम्बुलेंस द्वारा सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। सीओ ने बताया कि मृतकों में एक व्यक्ति की पहचान विजेंद्र पप्पू के रूप में हुई है।(भाषा)

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल फोन छीनने के लिए युवक की हत्या, पुलिस ने दो नाबालिगों को सुधार गृह भेजा

**बहराइच।** जिले में पुलिस ने शादी में शामिल होने के लिए एक युवक की हत्या के संबंध में दो नाबालिगों समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कोतवाली देहात क्षेत्र के नगरौर गांव में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बेंगलुरु से आए शादाब (19) की गांव के ही 14 और 16 वर्षीय दो नाबालिगों ने कथित रूप से एप्पल फोन छीनने के मकसद से 20 जून को गला रेतकर हत्या कर दी और फिर उसके सिर को ईंट से कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों नाबालिगों सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों नाबालिगों को हिरासत में लेकर सरंक्षण गृह भेज दिया गया जबकि एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने शनिवार को बताया कि नगरौर गांव निवासी शादाब (19) कर्नाटक के बेंगलुरु में रहता था और अपने मामा के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गांव आया हुआ था। उन्होंने बताया कि 21 जून को पुलिस को सूचना मिली कि शादाब एक दिन पहले लापता हो गया है, जिसके बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर तलाश शुरू की गई और गांव के बाहर एक खंडहर नुमा ट्यूबवेल के पास से युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर युवक की हत्या में शामिल दोनों नाबालिगों और उनके परिजन जुल्फिकार अहमद उर्फ रेहान और उबेद अहमद उर्फ राजू नेता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (योजनाबद्ध हत्या) व 238 (साक्ष्य छिपाना) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, हिरासत में लिए गए दोनों नाबालिगों को गोंडा स्थित मंडलीय किशोर सुधार गृह भेज दिया गया और जुल्फिकार अहमद उर्फ रेहान को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी उबैद अहमद उर्फ राजू नेता की तलाश जारी है और शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (भाषा)

### अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य जुलाई के अंत तक पूरा होने की संभावना : नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** जिले में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण में है और निर्माण से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों के जुलाई के अंत तक पूरा होने की संभावना है। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने शनिवार को अयोध्या पहुंचे मिश्र ने संवाददाताओं को बताया कि मंदिर और उसके परकोटे के लिए 14 लाख घन फुट बंसी पहाड़पुर पत्थर की जरूरत थी, जिसमें से 13 लाख घन फुट पत्थर लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल एक लाख घन फुट पत्थर ही लगने शेष हैं। मिश्र ने कहा कि मंदिर के लगभग 800 फुट लंबे निचले चबूतरे के 500 फुट हिस्से पर राम कथा को दर्शाने वाले भित्ति चित्र तैयार हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि आस-पास के घेरे में प्रस्तावित 80 में से 45 कांस्य भित्ति चित्र स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, भारत में पहली बार किसी मंदिर की खिड़कियों में टाइटेनियम धातु का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह अपने आप में अनूठी बात है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस धातु की असाधारण मजबूती 1,000 साल से भी ज्यादा समय तक टिकी रह सकती है। उन्होंने कहा, राम मंदिर निर्माण समिति को उम्मीद है कि जुलाई के अंत तक सभी बड़े निर्माण कार्य पूरे हो जाएंगे।(भाषा)

### पुलिस मुठभेड़ के बाद गोकशी का आरोपी कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

**मेरठ।** जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ के बाद घायल हुए गोकशी के आरोपी एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात हुई मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान भावनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जई निवासी इस्लू उर्फ इस्लामुद्दीन के रूप में हुई, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, धारदार हथियार एवं बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना भावनपुर में इस्लू के विरुद्ध गोकशी, हत्या के प्रयास, डकैती, गिरोहबंद अधिनियम, मादक पदार्थ निषेध से संबंधी एनडीपीएस अधिनियम समेत कुल 33 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ शुक्रवार की रात उस समय हुई जब लिसाड़ी गेट थाना की पुलिस चार खंभा से न्यू मदीन मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका गया, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया और पीछा करने पर पुलिस पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी गोलीबारी में आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।(भाषा)

### खेत में गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अमेठी।** जिले के जामों थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव की रहने वाली गीता गुप्ता (50) शुक्रवार रात खेत की तरफ गई थी, जहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार काफी देर बीतने के बाद भी महिला घर नही पहुंची तो परिजन उसे खोजते हुए खेत पहुंचे, जहां वह मृत मिली। परिजन शव को घर लेकर आए और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि पड़ोस के उत्तम मिश्रा के खेत में जानवरों से सुरक्षा के लिए लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है, जबकि कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना है कि किसी जहरीले जीव के काटने से महिला की मौत हुई है। जामो थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (भाषा)

# मांस प्रसंस्करण संयंत्र में जानवरों के खून से भरे टैंक में गिरकर दो श्रमिकों की मौत

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक मांस प्रसंस्करण संयंत्र में जानवरों के खून से भरे टैंक में गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह अजीब हादसा शुक्रवार को शहर के बाहरी इलाके में स्थित तलासपुर स्थित मांस प्रसंस्करण संयंत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि इमरान (28) और आसिफ (25) टैंक की सफाई कर रहे थे, तभी उनमें से एक को टैंक से निकलने वाले तेज धुएं के कारण चक्कर आने लगा। टैंक की ओर जाने वाली सीढ़ियां चढ़ते समय एक श्रमिक ने मदद के लिए आवाज लगाई और उसके सहयोगी ने उसे बाहर खींचने का प्रयास किया, लेकिन उसका हाथ फिसल गया और दोनों व्यक्ति टैंक में गिर गए। हालांकि दुर्घटना के समय संयंत्र का कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं था, फिर भी अन्य मजदूरों ने किसी तरह से दोनों लोगों को बाहर निकाला और उन्हें निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। उन्हें जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद पीड़ितों के परिवार के सदस्य और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गए थे। समाजवादी पार्टी (सपा) के स्थानीय नेता घटनास्थल पर पहुंचे और उनके हस्तक्षेप के बाद पीड़ितों के परिवारों ने मुआवजे को लेकर संयंत्र मालिकों के साथ कथित तौर पर समझौता कर लिया। अपर जिलाधिकारी (नगर) अमित कुमार ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि जिलाधिकारी ने पूरी घटना की व्यापक जांच के आदेश दिए हैं। जांच प्रदूषण नियंत्रण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी।(भाषा)

# कौशांबी में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**कौशांबी।** जिले में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रही एक नाबालिग लडक़ी और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी (मंझनपुर) शिवांक सिंह ने बताया कि जिले के अमूरा गांव में भगनीती (35) और सुनीता (15) कई अन्य महिलाओं के साथ शनिवार दोपहर खेत में धान की रोपाई कर रही थीं, तभी आकाशीय बिजली के गिरने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गईं और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपजिलाधिकारी (मंझनपुर) आकाश सिंह ने बताया कि राजस्व टीम मौके पर पहुंच गई है और मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा राहत कोष के तहत सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। (भाषा)

# चिटफंड कम्पनी में काम करने वाले व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

## ग्राहकों का करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गयी थी कम्पनी



**मसौली बाराबंकी,** विशाल विचार

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम केवलापुर निवासी एक चिटफंड मे काम करने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर मजरे केवलापुर मे उस समय हड़कंप मच गया जब एलयूसीसी चिटफंड कम्पनी मे काम करने वाले 55 वर्षीय स्वामी दयाल मिश्रा पुत्र तुलसीराम का शव गांव से सौ मीटर की दूरी पर स्थित आम की बाग़ मे लटकता मिला। बताते चले कि मृतक स्वामीदयाल मिश्रा एलयूसीसी चिटफंड कम्पनी करनैलगंज गोंडा मे शाखा संचालक एवं एजेंट के रूप मे कार्य कर रहे थे। बीते वर्ष ग्राहकों का करोड़ों रुपये लेकर फरार हुई कम्पनी के बाद अलग अलग थानों में दर्ज हुई रिपोर्टो के क्रम में स्वामी दयाल मिश्रा को भी गत नवंबर माह में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। दो माह बाद जमानत पर आये स्वामीदयाल पुलिस की कार्यवाही और जमाकर्ताओं की प्रताड़ना से काफी परेशान थे और बीती रात्रि गांव से थोड़ी ही दूरी पर स्थित आम की बाग़ में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सात साल की बच्ची से युवक ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** जिले के बुढ़ाना कस्बे में एक युवक ने सात साल की एक बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक को एक मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गजेंद्र पाल सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया कि बुढ़ाना कस्बे में राजू (35) नामक एक युवक सात साल की बच्ची को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। (भाषा)

# जिले के समस्त ताजिया समिति के आयोजकों के साथ जिलाधिकारी ने किया बैठक

**अंबेडकरनगर,**



मोहर्रम के त्यौहार को सकुशल शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद के समस्त ताजिया समिति के आयोजकों के साथ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता मे महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर के एडिटोरियम हाल में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित समिति के आयोजकों से एक-एक करके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अवगत कराना है कि विगत वर्ष की भांति वर्ष 2025 में दिनांक सत्ताईस व अट्ठाइस जून 2025 से मोहर्रम का त्यौहार प्रारंभ होकर मुख्य पर्व चंद्र दर्शन के अनुसार छह व सात जुलाई 2025 को दशवीं तक परंपरागत रूप से मनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्यौहार की सातवीं, आठवीं, नवीं एवं दसवीं की तिथि अति महत्वपूर्ण है, जिसमें विभिन्न आयोजको द्वारा जुलूस निकाला जाता है। इन तिथियां में सतर्क रहने की आवश्यकता है। उक्त त्यौहार में कोई भी नई परंपरा कायम नहीं की जाए। त्यौहार में किसी भी आयोजन से पूर्व आयोजन को सक्षम अधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सभी संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। ताकि हर हाल में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए त्यौहार को संपन्न कराया जाए। इसमें आम जनता से भी जिलाधिकारी ने अपील किया कि गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए त्यौहार को मनाएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीआरओ तथा ईओ नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण/ शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई पूर्व से करा लिया जाए तथा बारिश के पानी के निकलने की समुचित व्यवस्था भी किया जाए।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली से जनता में जगी न्याय की आस

**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जनपद की जनता का सौभाग्य है कि इस समय जिले को ईमानदार और कड़क अधिकारी मिले हैं। विशेषकर पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के कार्यों से जनता में भरोसा जगा है कि अब भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गांव से अकबरपुर आते समय देवलर गांव के पास गढवल से राजे सुल्तानपुर मार्ग पर पिकिया नाले के पास घटिया ईंटों से बनाए जा रहे खड़ंजे को देखकर एक जागरूक नागरिक ने जब स्थानीय मजदूरों से पूछा तो मजदूरों ने बेबसी जताई कि ÷यही सब होता है÷।मामले की शिकायत जैसे ही जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तक पहुंची, उन्होंने बिना देर किए दूसरे ही दिन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन को जांच के लिए भेज दिया। जांच में घटिया ईंटों का उपयोग प्रमाणित हुआ। परिणामस्वरूप जिलाधिकारी ने तुरंत प्रभाव से उक्त निर्माण कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया।ऐसे कड़े फैसलों से जनपद में भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया है। लोगों को विश्वास है कि इसी तरह सख्ती से कार्यवाही जारी रही तो जिले में भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों का हुआ प्रशिक्षण



विशाल विचार

**फतेहपुर बाराबंकी।** शनिवार को तहसील सभागार मे आगामी पंचायत चुनाव को लेकर सुपरवाइजरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सुपरवाइजरो को निर्वाचन संबंधी कार्यों मे पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बतातें चले एसडीएम ने बीएलओ द्वारा अपलोड की जा रही फोटो की गुणवत्ता मे सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होने कहाकि पहचान पत्रों मे स्पष्ट फोटो का उपयोग किया जाए। बीएलओ को अब फॉर्म 6,7,8 को ऑनलाइन अपलोड करना होगा, जो पहले ऑफलाइन जमा किए जाते थे। मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार सिंह ने बीएलओ एप की जानकारी दी। प्रशिक्षण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की विस्तृत जानकारी साझा की गई। अनाथालय में रहने वाले मतदाताओं के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उनके पिता के नाम के स्थान पर संबंधित संस्था का नाम जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रवासी भारतीयो को ईपीआईसी यानी वोटर आईडी कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। प्रशिक्षण मे तहसीलदार वैशाली अहलावत, बीडीओ फतेहपुर संतोष सिंह, बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच घोटाले में कई अफसरों के घर देर रात तक चली ईडी की कार्रवाई, अहम दस्तावेज मिले

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के एनएच-74 घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से बृहस्पतिवार को एनएच के अफसरों के देहरादून, हरिद्वार, काशीपुर और उत्तरप्रदेश के बरेली व सीतापुर स्थित आठ ठिकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान ईडी को इन अफसरों के घरों से अहम दस्तावेज मिले हैं। ऊधमसिंह नगर जिले के तत्कालीन विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी डीपी सिंह समेत कई अधिकारियों के खिलाफ ईडी की जांच चल रही है। बृहस्पतिवार को ईडी की टीम ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इसमें शामिल कई अफसरों के ठिकानों पर छापा मारा। इसके तहत तत्कालीन भूमि अधिग्रहण अधिकारी डोईवाला शुगर मिल के कार्यकारी निदेशक डीपी सिंह के देहरादून के राजपुर रोड, सीतापुर और बरेली स्थित आवास पर कार्रवाई की। इसके अलावा ईडी की दूसरी टीम ने काशीपुर में एडवोकेट अशरफ के घर पर भी छापा मारा। वहीं, हरिद्वार और बरेली में भी ईडी ने एनएच के अफसरों के घर पर पहुंच कर जांच की। ईडी सूत्रों के अनुसार अफसरों के घर देर रात तक चली ईडी की कार्रवाई में कई अहम दस्तावेज और कई ठिकानों से नकदी बरामद की गई है। साथ ही घोटाले में कई अन्य संदिग्धों के नाम भी शामिल किए गए हैं। इनके खिलाफ भी ईडी साक्ष्य जुटा कर जल्द कार्रवाई शुरू करेगी। बता दें कि एनएच-74-125 के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। इस दौरान कई अफसरों पर मुआवजा आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। वर्ष 2017 में उत्तराखंड पुलिस ने इस मामले में विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी और उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस पूरे प्रकरण में सरकार को 162.5 करोड़ का नुकसान हुआ था। इसके बाद से ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन का पांचवां दिन; यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लापता दो लोगों की खोजबीन जारी

**उत्तराकाशी , एजेंसी।** उत्तरकाशी में भूस्खलन के बाद यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लापता लोगों की खोजबीन जारी है। बीते सोमवार को यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भूस्खलन में दबे दो लापता लोगों की खोजबीन के लिए शुक्रवार सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व टीम लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन का आज पांचवां दिन है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित जिले में मौसम साफ है। यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

### सात वर्ष से चिकित्सक विहीन पीएचसी

**देहरादून, एजेंसी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डाकपत्थर सात वर्ष से चिकित्सक विहीन है। अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है। मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरित किया गया। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की। फार्मासिस्ट ही मरीजों का उपचार कर रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डाकपत्थर की दैनिक ओपीडी 40 से 50 के बीच है। वर्ष 2017 में सिंचाई विभाग ने अस्पताल भवन स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किया था। उसके बाद से अस्पताल के बुरे दिन शुरू हो गए। तब से अस्पताल में चिकित्सक की तैनाती नहीं हुई। फार्मासिस्ट ही अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को देख रहे हैं। जरूरत पड़ने पर उन्हें भर्ती भी करते हैं। अस्पताल का भवन बेहद जर्जर हो चुका है। बरसात में भवन की छत से पानी टपकता है। वहीं, जगह-जगह बिजली के तार भी खुले हैं। ऐसे में मरीजों और कर्मचारियों को परेशानी होती थी। बारिश के दौरान भवन में करंट फैलने से मरीजों और कर्मचारियों के उसकी चपेट में आने की आशंका भी रहती थी। सीएमओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। उन्होंने पीएचसी को बगल में बने 50 बेड के अस्पताल के तीन कमरों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। पीएचसी को नए भवन के तीन कमरों में शिफ्ट कर दिया गया है। लेकिन, अस्पताल को अब तक चिकित्सक नहीं मिला। फार्मासिस्ट के वीआईपी ड्यूटी या जरूरी कार्य से जाने पर अस्पताल में ताला लग जाता है। पीएचसी, डाकपत्थर में चिकित्साधिकारी की नियुक्ति के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। नियुक्ति होने तक उप जिला अस्पताल से किसी चिकित्साधिकारी को वैकल्पिक व्यवस्था पर भेजा जाएगा।

# भाजपा को जल्द मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष, एक जुलाई को एलान संभव, दौड़ में तैर रहे ये नाम

**देहरादून, एजेंसी।**
भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी खजानदास के मुताबिक, 29 जून को प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पद के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष पद पर चयन की घोषणा कर दी है। एक जुलाई को प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है। चुनाव की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होने की संभावना है। पार्टी राष्ट्रीय परिषद के लिए आठ सदस्यों का भी चुनाव करेगी। उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को चुनाव अधिकारी बनाया है। भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी खजानदास के मुताबिक, 29 जून को प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पद के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। ऐसा हुआ तो उसी दिन चुनाव में प्रतिभाग करने वाले मतदाताओं के नामों की सूची भी प्रदेश पार्टी कार्यालय में चस्पा हो जाएगी। फिर 30 जून को




नामांकन की प्रक्रिया होगी और एक जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। इसका विधिवत रूप से कार्यक्रम जल्द जारी होगा। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश में बूथ, मंडल और जिलाध्यक्षों का चयन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा, इसे लेकर अभी रहस्य बना हुआ है। हालांकि पार्टी के भीतर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को दोबारा जिम्मेदारी दिए जाने की भी चर्चाएं भी तैर रही हैं। इसके पीछे की वजह अब तक हुए चुनाव में पार्टी की कामयाबी, पार्टी के सभी बड़े नेताओं में उनकी स्वीकार्यता और मुख्यमंत्री धामी से उनका समन्वय बताई जा रही है। चूंकि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अब तक चौंकाने वाले फैसले ही लेता रहा है, इसलिए पार्टी के भीतर जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से कुछ और नाम भी चर्चाओं में हैं। माना जा रहा है कि संगठन की कमान गढ़वाल क्षेत्र के ब्राह्मण चेहरे के हाथों में सौंपी जा सकती है। इस हिसाब से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जो नाम संगठन में गूंज रहे हैं उनमें प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, दर्जाधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली, विधायक बृजभूषण गैरोला के नामों की चर्चा है। पार्टी में यदि महिला को कमान सौंपने का प्रयोग हुआ तो महिला चेहरे के तौर पर केदारनाथ की विधायक आशा नौटियालव महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज के नाम प्रमुख हैं।

## बागेश्वर दुष्कर्म का आरोपी दो साल से था फरार, 50 हजार के इनामी को एसटीएफ ने दिल्ली से पकड़ा

**देहरादून, एजेंसी।**
एसटीएफ की टीम ने 50 हजार के इनामी दुष्कर्म के फरार आरोपी को निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली के पास से गिरफ्तार किया है. एसटीएफ की टीम द्वारा आरोपी को थाना बैजनाथ, जनपद बागेश्वर में दाखिल किया गया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है. ये आरोपी दो साल पहले दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार फरार चल रहा था. दुष्कर्म का फरार आरोपी अरेस्ट~ बता दें कि 08 फरवरी 2023 को थाना बैजनाथ, जनपद बागेश्वर में आरोपी निवासी जिला बागेश्वर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था. आरोपी घटना को अंजाम देने के दिन से फरार चल रहा था. उसकी गिरफ्तारी के लिए जनपद पुलिस स्तर से काफी प्रयास किए गए थे. लेकिन हर बार यह आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था. आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था~ अपराध की गंभीरता को देखते हुए आईजी स्तर से आरोपी की गिरफ्तारी पर 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था. वहीं घोषित इनामी के खिलाफ एसटीएफ ने अभियान चलाया हुआ था. एसटीएफ टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग राज्यों में दबिश दी जा रही थी. लगातार प्रयासों के बाद एसटीएफ टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी का पता लगाकर आरोपी को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली के पास से गिरफ्तार कर लिया. एसटीएफ की टीम ने एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है, पुलिस को लगातार चकमा देकर फरार चल रहा था. साथ ही एसटीएफ द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. एसटीएफ की यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह अभियान भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा.

## उत्तराखंड में बदला जाएगा बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को मिली चुनाव की जिम्मेदारी





**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बदलने की कवायद तेज हो गई है. जल्द ही इसका फैसला होने वाला है. क्योंकि आज 27 जून शुक्रवार को ही बीजेपी हाईकमान ने केंद्रीय मंत्री और सांसद हर्ष मल्होत्रा को उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है. उत्तराखंड के अलावा महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने हैं.

बीजेपी संगठन चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर डॉक्टर के लक्ष्मण की तरफ से शुक्रवार को एक लेटर जारी किया गया है. इस लेटर में तीन राज्यों (महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड) के प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषदों के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है. उत्तराखंड में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषदों के सदस्यों के चुनाव की जिम्मेदारी जहां केंद्रीय मंत्री और सांसद हर्ष मल्होत्रा को दी गई है, तो वहीं महाराष्ट्र की जिम्मेदारी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री किरण रिजिजू को दी है. पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी रवि शंकर प्रसाद को दी गई है. बता दें कि उत्तराखंड में फिलहाल महेंद्र भट्ट बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं. महेंद्र भट्ट का कार्यकाल काफी पहले ही खत्म हो चुका है. अब संगठन राज्य में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव करवा कर किसी नए चेहरे को मौका दे सकता है. बीजेपी में कई ऐसे चेहरे हैं, जो प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं. इनमें आदित्य कोठारी, रमेश पोखरियाल निशंक, विनोद चमोली, भगवती प्रसाद और आशा नौटियाल के नाम शामिल हैं.

## खाई में कार गिरने से तीन युवकों की मौत

**देहरादून, एजेंसी।** विकासनगर से चकराता की ओर जा रही एक कार कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड खड्ड के पास अनियंत्रित होकर 400 मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार में सवार सेलाकुई थाना क्षेत्र के भाऊवाला निवासी प्रियांशु चौहान (22), गढ़वाली कॉलोनी निवासी दीपक सती (25) और चकराता के कोटी कनासर निवासी मुकेश राणा (21) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक प्रियांशु चौहान, मुकेश राणा छात्र थे और दीपक सती एक कंपनी में कार्य रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात चार युवक कार से विकासनगर से चकराता की ओर जा रहे थे। जजरेड खड्ड के पास कार अनियंत्रित हो गई। अंधेरा होने के चलते किसी को दुर्घटना का पता नहीं चला। सुबह लोगों ने करीब 400 मीटर गहरी खाई में कार गिरी हुई देखी। एक व्यक्ति खाई में बैठा हुआ था। लोगों ने इसकी सूचना चापनू के ग्राम प्रहरी को दी। सुबह करीब 7.30 बजे ग्राम प्रहरी की सूचना पर थाना प्रभारी कालसी दीपक धारीवाल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## विधानसभा का मानसून सत्र...विपक्षी हमलों के खिलाफ अब कौन बनेगा ढाल

**देहरादून, एजेंसी।**
विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी निभाना तलवार की धार पर चलने जैसे है। सदन के भीतर विधायी एवं संसदीय कार्यमंत्री का किरदार निभाने वाले प्रेमचंद अग्रवाल इस्तीफा दे चुके हैं। उनके विभाग मुख्यमंत्री संभाल रहे हैं। अभी तक की तो यही परंपरा रही है कि मुख्यमंत्री विस के भीतर विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री का किरदार नहीं निभाते हैं। प्रदेश की धामी सरकार अगस्त महीने में विधानसभा का मानसून सत्र आहूत करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सत्र के स्थान और तारीख को लेकर निर्णय लेना है। प्रदेश मंत्रिमंडल ने सीएम धामी को इसके लिए अधिकृत किया है। साथ ही सत्र को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया है। सवाल तैर रहा है कि विधानसभा के भीतर धामी सरकार पर विपक्षी हमलों के खिलाफ इस बार कौन ढाल बनेगा? यह प्रश्न इसलिए भी मौजूद है क्योंकि सदन के भीतर विधायी एवं संसदीय कार्यमंत्री का किरदार निभाने वाले प्रेमचंद अग्रवाल इस्तीफा दे चुके हैं। उनके विभाग मुख्यमंत्री संभाल रहे हैं।



अभी तक की तो यही परंपरा रही है कि मुख्यमंत्री विस के भीतर विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री का किरदार नहीं निभाते हैं। क्या धामी इस रस्म को तोड़कर स्वयं सदन के भीतर विपक्षी हमलों के खिलाफ ढाल बनेंगे या फिर अपने मंत्रिमंडल के किसी अन्य मंत्री को वह ये जिम्मेदारी देंगे। सियासी हलकों में ये प्रश्न तैरने लगे हैं। वर्तमान में धामी के पास 40 से भी अधिक विभाग हैं। सीएम होने के नाते राजकाज से जुड़ी उनकी अपनी व्यस्तताएं भी हैं। इन्हीं वजहों से सीएम सदन के भीतर फ्लोर मैनेजमेंट के लिए एक चतुर, चपल और अनुभवी मंत्री पर दांव लगाते हैं। विकल्प ऐसा चाहिए जो विपक्षी हमलों को तार्किक जवाबों से न सिर्फ नाकाम करे बल्कि तर्कों के तीरों से जवाबी हमला बोलने में भी पारंगत हो। पिछले सत्र का जो अनुभव रहा है, उसे देखते हुए सदन में विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी निभाना तलवार की धार पर चलने जैसा है। यहां जुबान फिसलने और संयम खोने से क्या-क्या गंवाने की नौबत आ सकती है, पिछले सत्र से समझा जा सकता है। ऐसे में फ्लोर मैनेजर की खोज आसान नहीं होगी। बहरहाल, धामी कैबिनेट में अनुभव और वरिष्ठता के हिसाब से सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत और सुबोध उनियाल के तौर पर तीन प्रमुख चेहरे हैं, जिनकी चर्चा हो रही है। मगर फैसला अंततः~ सीएम को ही लेना है।

## मानसून के दौरान यूपीसीएल टीम हाई अलर्ट पर, ये सावधानियां बरतने की अपील की गई



**देहरादून, एजेंसी।**
मानसून के दौरान यूपीसीएल की ओर से लोगों को खास सावधानियां बरतने की अपील की गई है। मानसून सीजन में प्रदेश में बिजली आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए यूपीसीएल ने हाई अलर्ट जारी किया है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बारिश के मौसम में सावधानियां बरतने की अपील भी की। एमडी ने कहा कि बरसात में बिजली के खंभों को छूने से बचें। खंभों से मवेशियों को न बांधें। बिजली लाइनों के नीचे कोई आयोजन न करें। नए भवन निर्माण से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। खेत की मेड पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रखकर ही जुताई करें। बिजली खंभों पर यदि स्पार्किंग हो रही है तो तुरंत संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दें। बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आस-पास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हों तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचें। घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं। उन्होंने आकस्मिकता की स्थिति के मद्देनजर चारों धाम में सामग्री जैसे कंडक्टर, केबिल, पोल, ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## बिहार, झारखंड में अभी भी लाठी लेकर आता है भालू, प्रतिबंध के बावजूद नाच का खेल जारी

**देहरादून, एजेंसी।**
गांवों में भालू का नाच दिखाकर मनोरंजन किया जाता था। वन विभाग के मुताबिक वर्ष-2009 से यह चलन खत्म हो गया, लेकिन यह खेल कुछ जगह जारी है। लाठी लेकर भालू आया छमछम, छमछम। यह कविता बचपन में ज्यादातर लोगों ने पढ़ी और सुनी होगी। वर्तमान में वन विभाग की सख्ती के चलते मनोरंजन के लिए भालू जैसे वन्यजीवों का इस्तेमाल करने पर पाबंदी है, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद बिहार, झारखंड और यूपी में चोरी-छिपे भालू के नाच का खेल जारी है। इसका खुलासा भारतीय वन्यजीव संस्थान में वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट आफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) के सोशल मीडिया की डिजिटल निगरानी के दौरान सामने आया है। संस्था के प्रयास से कई भालू रेस्क्यू किए जा चुके हैं। किसी दौर में शहर, गांवों में भालू का नाच दिखाकर मनोरंजन किया जाता था। वन विभाग के मुताबिक वर्ष- 2009 से यह चलन खत्म हो गया, लेकिन यह खेल कुछ जगह जारी है। बस बदलाव के तौर पर इतना हुआ है कि यह शहरों में न होकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली



संस्था वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट आफ इंडिया के सहायक प्रबंधक मोनिष सिंह तोमर कहते हैं, संस्था की एक टीम सोशल मीडिया की लगातार निगरानी करती है। इस दौरान 82 ऐसे वीडियो मिले, जो कि भालू को मनोरंजन के लिए नाच कराने से जुड़े थे। जो लोग नाच कराते थे, उनकी वेशभूषा पर फोकस किया गया। फिर स्थानीय संपर्कों से पता करने की कोशिश की गई। इसमें सफलता भी मिली। वर्ष 2022 से 2024 की शुरुआत तक कई अभियानों में नौ स्लॉथ भालुओं का बचाव किया गया। इस काम में लगे 11 व्यक्ति भी हत्थे चढ़े। इस संबंध में भारतीय वन्यजीव संस्था में आयोजित भारतीय संरक्षण सम्मेलन-2025 में एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया है। भालू के संरक्षण को लेकर वाइल्ड लाइफ एसओएस रेस्क्यू सेंटर चलाती है। आगरा स्थित रेस्क्यू सेंटर में वर्तमान में रेस्क्यू कर लाए गए 79 भालू रखे गए हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान में आए संस्था के प्रतिनिधि शुभम ने बताया कि 2002 में पहला रेस्क्यू करके भालू को लाया गया था।

# तेज बारिश से उफनाए नदी नाले, कई इलाकों में जलभराव, घरों और दुकानों में घुसा पानी

**देहरादून, एजेंसी।**
जौलीग्रांट एयरपोर्ट का बरसाती नाला उफनने से चोरपुलिया की तरफ घरों और दुकानों में पानी घुस गया। लोगों के लिए यहां आवाजाही मुश्किलहो गई है। देर रात से हो रही तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। एयरपोर्ट क्षेत्र का बरसाती नाला उफनने से चोरपुलिया की ओर स्थित घरों और दुकानों में पानी घुस गया। हालात बिगड़ने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने पिछला गेट खोल दिया, जिससे बाढ़ का पानी पुष्कर सिंह के घर और खेतों में भर गया। आसपास की अन्य दुकानों में भी पानी घुसने की खबर है। वहीं, थानों रेंज में साल जंगल का खाला उफनने से भानियावाला मुख्य मार्ग पर पानी भर गया। पीएनबी बैंक के पास सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई, जिससे यातायात धीमा हो गया और वाहन रेंग-रेंग कर चले। जलभराव की सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और नाले से कूड़ा-कचरा हटाकर सफाई की। सफाई के बाद पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हुआ। लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।



## अगले 24 घंटे में अत्यधिक बारिश की संभावना, सीएम धामी ने की सभी से अलर्ट रहने की अपील

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। जगह-जगह भूस्खलन से नुकसान की तस्वीरें सामने आ रही है। सीएम धामी ने अगले 24 घंटे के लिए लोगों को खासतौर पर अलर्ट रहने की अपील की है। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के भीतर पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा की संभावना जताई है। चेतावनी को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पीसीएस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा और परीक्षा दोनों हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। धामी ने बताया कि राज्य सरकार मौसम की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल मैदान का किया उद्घाटन

**भागलपुर, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नयागांव स्थित ग्राम ऊंचागांव उत्तर में 8,86000 रुपये से खेल मैदान का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन नयागांव के मुखिया संजीव कुमार ने किया। मुखिया ने बताया कि बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य, कनीय अभियंता, पंचायत रोजगार सेवक, सहित ग्रामीण उपस्थित थे। खेल मैदान बन जाने से ग्रामीण और छात्र-छात्राओं में खुशी है।

### हाईकोर्ट ने कहा-अतिक्रमण नहीं हटा तो डीएम पर अवमानना का मामला चलेगा

**पटना, एजेंसी।** 7 पटना हाईकोर्ट ने डीएम को आशियाना-दीघा रोड से अतिक्रमण हटाने और उसका डिजिटल फोटो पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा-अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह माना जाएगा कि डीएम ने आदेश का पालन नहीं किया और उनके खिलाफ अवमानना का मामला चलेगा। इसके पहले डीएम की ओर से हलफनामा दायर कर कहा गया कि अतिक्रमण को हटा दिया गया है। जो बचा हुआ है, उसे दो महीने के भीतर हटा दिया जाएगा। लेकिन, वरीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि कागजों में ही अतिक्रमण हटाया गया है। वास्तविकता में अतिक्रमण अब भी बरकरार है। इसपर कोर्ट ने कहा कि अगर डीएम अतिक्रमण हटाने में असहाय हैं तो अगली सुनवाई में हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करें। न्यायमूर्ति पीबी बजन्थरी और शशिभूषण प्रसाद सिंह की खंडपीठ ने डॉ. अमित कुमार सिंह द्वारा दायर अवमानना मामले पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। मामले पर अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

### श्रावणी मेले की तैयारी की समीक्षा और निगरानी को बनी छह कमेटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्रावणी मेले की तैयारी के लिए गठित कार्यकारिणी समिति के पर्यवेक्षण के लिए भी पर्यवेक्षण कमेटी गठित कर दी गई है। डीएम सुब्रत कुमार ने छह पर्यवेक्षण कमेटी का गठन करते हुए इन्हें पर्यवेक्षण की जिम्मेवारी सौंपी है। यह कमेटी कार्यकारिणी समिति के कामों की निगरानी और समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट डीएम को देगी। कार्यकारिणी समिति के पर्यवेक्षण के लिए बनी छह कमेटियों में सड़क पर्यवेक्षण, कांवरियों के ठहराव की व्यवस्था, सफाई, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य व अन्य शिविर, बैरिकेडिंग कमेटी शामिल है। सड़कों के पर्यवेक्षण को बनी कमेटी में तीन अधिकारी डीडीसी, दोनों एसडीओ व एक वरीय उपसमाहर्ता शामिल शामिल किए गए हैं। वहीं कांवरियों के ठहराव के लिए गठित पर्यवेक्षण कमेटी में डीडीसी, दोनों एसडीओ और तीन वरीय उपसमाहर्ता हैं। इसके अलावा सफाई के लिए बनी पर्यवेक्षण कमेटी में नगर आयुक्त व जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शामिल है।

# अकाउंटेंट ने काली कमाई से जुटाई 1.36 करोड़ की संपत्ति

## पिता किराना कारोबारी तो छोटा भाई किसान, रेड में अलमारी से मिले 50 लाख के गहने



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फूड कॉर्पोरेशन के अकाउंटेंट राजेश कुमार के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने शुक्रवार को छापेमारी की। मुजफ्फरपुर में इनके दो ठिकानों समेत 6 जगह पर कार्रवाई हुई। मुजफ्फरपुर के पैतृक आवास पर करीब 7 घंटे तक छापेमारी चली। वहीं, शहर के किराए वाले मकान में 8 घंटे तक ईओयू की टीम ने जांच-पड़ताल की। पैतृक घर से करीब 50 ग्राम सोने के गहने जब्त किए गए हैं। जिसकी कीमत करीब 50 लाख हैं। राजेश के पिता हेमंत साह का किराना का होलसेल का कारोबार है। छोटा भाई सोनू कुमार खेती करता है। तीन बहनें भी हैं। जिसमें 2 की शादी हो चुकी है। तीसरी अभी पढ़ाई कर रही है। राजेश कुमार 2016 में बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना में लेखपाल के रूप में नियुक्त हुए थे। उस वक्त वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे. 2400 रुपए थे। 9 साल में आय से अधिक कुल 1 करोड़ 36 लाख 31 हजार रुपए की संपत्ति पाई गई, जो कमाई से 201.94प्रतिशत ज्यादा आंकी गई है।

**रिश्तेदार को शहर भेजकर मंगवाई चाबी :** ईओयू के अधिकारी के अनुसार राजेश के पैतृक गांव कुढ़नी के केरमा और शहर के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी गली नंबर-1 में किराए के घर, दोनों जगह पर ईओयू की टीम कार्रवाई कर रही थी। पैतृक आवास पर मौजूद टीम को एक गोदरेज मिला, जो लॉक था। गोदरेज की चाबी किराए वाले मकान में थी। छापेमारी के दौरान पैतृक आवास से घर से किसी सदस्य को निकलने का आदेश नहीं था, इसलिए टीम ने राजेश के किसी रिश्तेदार को बुलाया, जो घर के बाहर था। उसे शहर के किराए वाले मकान में भेजकर गोदरेज की चाबी मंगवाई। जिसके बाद 50 ग्राम सोने के जेवरात मिले।

**पैतृक गांव में परिवार, राजेश फरार :** छापेमारी के बाद राजेश के किराए वाले घर में फिलहाल ताला लगा हुआ है। वहीं, पैतृक आवास पर राजेश का परिवार मौजूद है। परिवार में पिता हेमंत शाह, छोटा भाई सोनू (27), राजेश की पत्नी और राजेश के 2 बच्चे रह रहे हैं। वहीं, राजेश अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। राजेश अभी मोतिहारी जिले में बिहार राज्य खाद्य निगम के लेखापाल के पद पर कार्यरत है। राजेश कुमार के खिलाफ 26 जून को आर्थिक अपराध थाना में मामला दर्ज हुआ था। कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद शुक्रवार को मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और पटना समेत अन्य ठिकानों पर तलाशी ली गई।

### 12 लाख से अधिक रुपए होंगे फ्रिज

ईओयू की छापेमारी में अबतक कई बैंकों के पासबुक, जमीन खरीदने से संबंधित दर्जनों डॉक्युमेंट्स, मकान और गोदाम के कागजात मिले हैं। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा वाहन के कागजात, लैपटॉप और मोबाइल भी मिले हैं। अब तक कुल 12 लाख 53 हजार 247 रुपए बैंक अकाउंट में मिले हैं, जिन्हें फ्रीज करने के लिए बैंक को कहा गया है।

### मोतिहारी से मिले पासबुक और जरूरी पेपर

आर्थिक अपराध इकाई की टीम शुक्रवार को करीब सुबह 7-8 बजे के बीच मोतिहारी पहुंची। जहां बिहार राज्य खाद्य निगम कार्यालय, मोतिहारी में छापा मारा। हालांकि इस दौरान लेखापाल कार्यालय में नहीं मिले। दो घंटे से अधिक तक राजेश कुमार के चैंबर में कागजातों को टीम ने खंगाला। टीम को दो पासबुक मिले हैं। एक पासबुक केनरा बैंक और दूसरा पासबुक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बताया जा रहा। बताया जाता है कि टीम को कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं, जो नकदी लेन-देन, जमीन में निवेश संबंधित हो सकते हैं। राजेश कुमार दो साल से अधिक समय से मोतिहारी कार्यालय में पदस्थापित हैं।

### काले धन को वैध बनाने की कोशिश

प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि राजेश कुमार ने नकद लेन-देन, अचल संपत्ति में निवेश और कई फर्जी खातों के माध्यम से काले धन को वैध बनाने की कोशिश की है। इसके अलावा उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों के नाम पर भी संपत्तियां बनाई है, जिसकी जांच चल रही है। ईओयू अब जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद राजेश कुमार की संपत्ति के स्रोतों की जांच करेगी। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम और अन्य भ्रष्टाचार विरोधी धाराओं में भी कार्रवाई की जा सकती है।

# स्कूल में नाबालिग से 3 लड़कों ने किया गैंगरेप

**एकमा (सारण), एजेंसी।** सारण में नाबालिग लड़की (16) के साथ स्कूल में गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों पर नाबालिग का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। नाबालिग पीड़िता ने शुक्रवार को मांझी थाने में तीन युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, 27 मई की शाम वह शौच के लिए घर से निकली थी। तभी गांव के दो युवकों ने उसका मुंह गमछे से बांध दिया। फिर जबरन बाइक पर बैठाकर उत्क्रमित मध्य स्कूल ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद उन्होंने एक और युवक को बुलाया, जिसने पहले उसे जातिसूचक गालियां दीं। इसके बाद उसने भी रेप किया। तीन आरोपियों भगवान यादव, नितेश कुमार यादव और अंकेश राय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**पीड़िता बोली- 2-3 घंटे की दरिंदगी की :** पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि- 27 मई को रात लगभग 9 बजे रात को जब में अपने घर से शौच के लिए निकली थी, तभी मेरे ही गांव के दो लड़कों (भगवान यादव, नितेश कुमार यादव) ने मुझे आवाज लगाई। जैसे ही मैं रुकी, इन दोनों ने मेरा मुंह गमछे से बांध दिया। विरोध करने पर मेरे पेट में नितेश ने घुसा मारा और जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर लेकर भागे और मेरे ही गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआ खुर्द के अंदर मुझे लेकर गए और मेरे साथ लगभग दो घंटे तक दुष्कर्म करते रहे। मैं रोती चिल्लाती गिड़गिड़ाती रही, पर दोनों हसते रहे। पहले भगवान यादव और फिर नितेश कुमार यादव ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद भगवान यादव ने फोन से मेरा वीडियो बनाया और कुछ फोटो खींचे और किसी को फ़ोन किया। जिसके कुछ देर बाद वहां अंकेश राय आया। उसने गाली और जाति सूचक शब्द देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। यह पूरी घटना मेरे साथ लगभग 2-3 घंटे चलती रही, जिसके बाद में बेहोश हो गई। होश में आने पर मैंने अपने आप को अपने घर के सामने पाया। अगले दिन ये तीनों दूसरे लोगों के साथ मेरे घर पर पहुंचे और कहा कि अगर पुलिस के पास गई तो तुम्हारा वीडियो हम वायरल कर देंगे। जिसके डर और लोक लाज के भय से में इस कांड की सूचना नहीं दे पाई। लेकिन पिछले कई दिनों से तीनों फिर से मेरे साथ वही घटना को दुहराना चाहते हैं।

**मुझे और भाई को मारने की धमकी दी :** पीड़िता के अनुसार, वारदात के दौरान वह बेहोश हो गई थी। जब उसे होश आया तो खुद को घर के सामने पाया। अगले दिन आरोपी अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे और धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। उसे और उसके भाई को भी जान से मार देंगे। डरी-सहमी पीड़िता ने लोकलाज के कारण उस वक्त शिकायत नहीं की। हाल ही में आरोपी उसे दोबारा धमकाने और घटना को दोहराने की कोशिश करने लगे।

# गयाजी में ठनका से किशोर समेत 2 की मौत

## एक खेत में मवेशी चरा रहा था, दूसरा रफीगंज से अपने गांव लौट रहे थे



**गया, एजेंसी।** गयाजी में शुक्रवार को गुरारू प्रखण्ड में अचानक मौसम का मिजाज बदला तो करमा टोला पाण्डेय पोखर और दौलता गांव में ठनका गिरने से 2 की मौत हो गई। इनमें एक किशोर है। करमा टोला पाण्डेय पोखर में रमेश मांझी का 14 वर्षीय बेटा रोहित कुमार शुक्रवार को गांव के बधार में मवेशी चरा रहा था। काले बादल घिरे थे। कुछ देर में तेज गरज के साथ बिजली कड़की और रोहित उसकी चपेट में आ गया। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक रोहित की जान जा चुकी थी। परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंचे। इधर, दौलता गांव निवासी 40 वर्षीय दिनेश यादव, पिता जानकी यादव, रफीगंज प्रखंड के कोई गांव हितैषी से लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे भदुकी गांव के पास पहुंचे ही थे कि अचानक ठनका गिरा। वह भी इसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### मुआवजा देने की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि खराब मौसम में खुले में न जाएं। बिजली गिरने की आशंका में सुरक्षित जगह पर रहें। थोड़ी सी सावधानी आपको बचा सकती है। इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता कौशल यादव ने भी पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात कही है। दोनों गांवों में शोक का माहौल है। लोग बता रहे हैं कि बारिश के मौसम में खेत-खलिहान में काम के दौरान सतर्क रहना जरूरी है। अचानक हुई इस घटना ने गांव में दहशत भी बढ़ा दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### स्पीडी ट्रायल के लिए दो-दो संगीन मामले चिन्हित करेंगे सभी एपीपी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विभिन्न न्यायालयों में चल रहे संगीन मामले की स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई कराई जाएगी। इसके लिए फिलहाल प्रत्येक अपर लोक अभियोजकों (एपीपी) को दो-दो ऐसे मामले चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश नवनियुक्त लोक अभियोजक अजय कुमार ने दिया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सत्र न्यायालयों में 40 एपीपी कार्यरत हैं। सभी को काफी संगीन दो-दो मामले चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। इन मामलों की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट सौंप दी है। ऐसे दो-दो मामले को चिन्हित कर कोर्ट से जल्द निष्पादन कराया जाएगा।

# सांसद ने पूछा... बिहटा- औरंगाबाद रेल लाइन प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में क्यों



**पटना, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में शुक्रवार को मंडल संसदीय समिति की बैठक में बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना का मुद्दा छाया रहा। काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने सवाल उठाया कि 18 साल पुरानी बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना अब तक ठंडे बस्ते में क्यों है? इसपर रेलवे के अधिकारी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। करीब 118 किलोमीटर लंबी बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास 2007 में हुआ था। सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने पूर्व मध्य रेल के जीएम और डीडीयू डीआरएम से कहा कि सभी स्टेशनों पर पानी, शौचालय और यात्रियों को बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं है। जीएम ने कहा कि स्टेशनों पर जांच कराकर और बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गयाजी स्टेशन को विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जा रहा है। बैठक में आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह और साधना सिंह मौजूद थीं। केंद्रीय मंत्री सह गयाजी के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह प्रतिनिधि अजीत, औरंगाबाद सांसद अभय कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि संजय कुमार भी उपस्थित थे।

# नालंदा में 30 जून को लगेगा जॉब कैंप : निर्मला ऑक्सीजन कंपनी में 4 पदों होगी भर्ती




**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में 30 जून को रोजगार कैंप लगेगा। जिला रोजगार कार्यालय सह मॉडल करियर सेंटर की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में स्थानीय कंपनी निर्मला ऑक्सीजन में 4 पदों पर भर्ती होगी। इसमें हेल्पर के लिए 2, ड्राइवर का 1और कंप्यूटर ऑपरेटर का 1 पद शामिल है। सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है।

हेल्पर के लिए 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। मासिक वेतन 8000 रुपए के अलावा अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पद केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। ड्राइवर के लिए अभ्यर्थी के पास 10वीं के साथ-साथ वैध ड्राइविंग लाइसेंस का होना आवश्यक है। इसके लिए मासिक वेतन 10,000 रुपए निर्धारित किया गया है। यह पद भी केवल पुरुषों के लिए सुरक्षित है। कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए स्नातक या उससे समकक्ष योग्यता आवश्यक है। इस पद पर भी 10,000 रुपए मासिक वेतन के अलावा अन्य लाभ मिलेंगे।

**रोजगार मेले की जानकारी :** प्लेसमेंट ड्राइव 30 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन रोजगार कार्यालय सह मॉडल करियर सेंटर, संयुक्त श्रम भवन, बिहारशरीफ ब्लॉक कैंपस, हॉस्पिटल मोड़ के पास होगा। राष्ट्रीय करियर सेवा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यर्थी सीधे पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# जुलाई में पटना पहुंचेगी 3 कोच वाली मेट्रो, 6 किलोमीटर लंबे प्राथमिक कॉरिडोर पर होगा ट्रायल



**पटना, एजेंसी।** पटना में मेट्रो ट्रेन दौड़ने का सपना अब साकार होने ही वाला है। 3 कोच वाली मेट्रो ट्रेन जुलाई महीने में पटना पहुंच जाएगी। कोच का निर्माण महाराष्ट्र के पुणे में किया जा रहा है। अगले महीने यह पटना पहुंचेगा। इसके बाद तकनीकी टीम डिपो में इसको असेंबल करेगी। इसमें लगभग 15 से 20 दिन का समय लगेगा। मेट्रो का कोच जब तैयार हो जाएगा, उसके बाद 6.107 किलोमीटर लंबे प्राथमिक कॉरिडोर में इसका ट्रायल होगा। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में 15 अगस्त 2025 से परिचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

पटना मेट्रो के कोच की खरीदारी जायका फंड से होनी थी, लेकिन फंड मिलने में देरी होने के कारण राज्य सरकार ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को 115 करोड़ रुपये दिए। इससे प्राथमिक कॉरिडोर के लिए 3 डिब्बे वाली एक ट्रेन, मेट्रो लाइन के लिए पटरी, लिफ्ट एवं एस्केलेटर को खरीदा गया। नगर विकास एवं आवास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड की ओर से निर्मित ट्रेन का पटना के प्राथमिक कॉरिडोर में इस्तेमाल किया जाएगा।

### छोटी ट्रेन में ऊर्जा की होगी कम खपत

3 कोच वाली छोटी मेट्रो ट्रेन से यह भी फायदा होगा कि इसमें प्रति ट्रिप ऊर्जा की कम खपत होगी। इसे विशेष रूप से कम दूरी की यात्रा के लिए विकसित किया गया है। छोटी ट्रेनें दैनिक यात्रियों की पर्याप्त संख्या को समायोजित करते हुए बेहतर फ्रीक्वेंसी और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करेंगी। तीन कोच वाली मेट्रो केवल ट्रेन की लंबाई को कम करने के बारे में नहीं, बल्कि भविष्य के लिए कुशल और कम लागत वाली मेट्रो प्रणाली के साथ शहरी गतिशीलता के उपयोग को अपनाने की तरफ कदम है। भविष्य में राजधानी पटना के संकरे क्षेत्रों में मेट्रो की पहुंच बढ़ाने में भी यह बेहतर साबित होगा।

### एक कोच में 300 यात्रियों की होगी क्षमता

पटना मेट्रो के हर कोच की क्षमता 300 यात्रियों की होगी, ताकि कम खर्च के साथ पर्यावरण को भी नुकसान न हो। यानी 3 कोच में हर ट्रिप में लगभग 900 यात्री यात्रा खड़े होकर या बैठकर कर सकेंगे। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में 5 स्टेशन हैं, जिसमें न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी स्टेशन शामिल हैं। शुरुआती दौर में खेमनीचक स्टेशन पर मेट्रो का ठहराव नहीं होगा। यह स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन है, जिसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

### 2025 में कहां से चुनाव लड़ेंगे तेज प्रताप, कहा- हसनपुर सीट पर ही फोकस है, जल्द क्षेत्र का दौरा करेंगे

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे एवं पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सीट नहीं बदलने के संकेत दिए हैं। चर्चा है कि आरजेडी से निष्कासित किए जाने के बाद तेज प्रताप ने वैशाली जिले की महुआ विधानसभा सीट का मोह त्याग दिया है। हालिया बयान में उन्होंने समस्तीपुर जिले की हसनपुर सीट पर ही फोकस करने की बात कही है, जहां से वह वर्तमान में विधायक हैं। तेज प्रताप हसनपुर से पहले महुआ से विधायक रह चुके हैं। कुछ महीने पहले, उन्होंने महुआ पर दावा ठोका था, जिसे लेकर आरजेडी में सियासी ड्रामा देखा गया था। तेज प्रताप यादव ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में शुक्रवार को कहा कि वह हसनपुर से विधायक हैं। आने वाले दिनों में वह क्षेत्र का दौरा करेंगे, जनता के बीच जाएंगे, जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निपटारा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह 6 साल के लिए संगठन से बाहर किए गए हैं, इसका मतलब यह नहीं कि घर में कैद हो जाएं। वह अपने तरीके से यात्रा करेंगे और जनता के लिए काम करेंगे। तेज प्रताप ने आगामी विधानसभा चुनाव में सीट बदलने की बात से इनकार करते हुए कहा कि फिलहाल इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। वह हसनपुर से विधायक हैं और यहीं पर फोकस कर रहे हैं। अभी सीट बदलने की कोई बात नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार



### केरल के स्कूलों में होगा जुंबा डांस, विरोध में उतरे मुस्लिम संगठन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की पिनारायी विजयन सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन चलाने और स्कूल में बच्चों की मेंटल और फिजिकल फिटनेस के लिए जुंबा डांस कराने का फैसला किया है। कुछ स्कूलों में जुंबा डांस का सेशन शुरू भी कर दिया गया है। कई मुस्लिम संगठन केरल सरकार के इस कदम की जमकर आलोचना और विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल में इस तरह से डांस करवाना नैतिकता के खिलाफ है और यह इस्लाम विरोधी है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा था कि ऐरोबिक मूवमेंट के साथ म्यूजिक पर डांस करने से बच्चों का टेंशन कम होगा। इसके अलावा युवाओं को ड्रग्स के खिलाफ संदेश दिया जाएगा।

वहीं समस्त केरल सुन्नी युवाजन संघम के राज्य सचिव अब्दुस्समाद पूक्कूत्तुर ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को इस बारे में विचार करने की जरूरत है। बता दें कि एसवायएस केरल की प्रमुख सुन्नी संस्था समस्त केरल जमीय्यातुल उलेमा की युवा शाखा है। राज्य की शिक्षा मंत्री आर बिंदु ने सरकार के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि जुंबा डांस से बच्चों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा, हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। हम अब मध्य काल में नहीं हैं। सबको ही समय के हिसाब से विचार करना चाहए।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की छात्र शाखा मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन ने भी सरकार के इस कदम का विरोध किया है। एमएसएफ के स्टेट प्रेसिडेंट पीके नवास ने कहा, जब स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम होंगे तो फिर पढ़ाई कैसेहोगी। क्या शिक्षा विभाग ने कोई रिसर्च की है या फिर इस बारे में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों से राय ली है

विजडम इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में मैंने इसका विरोध करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मेरा बेटा भी जुंबा डांस में हिस्सा नहीं लेगा। डिपार्टमेंट हमपर जो भी कार्रवाई करेगा उसके लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा, हमने क्वालिटी एजुकेशन के लिए बच्चे का ऐडमिशन सरकारी स्कू में कराया है। उन्होंने कहा, लोग प्रगतिवादी सोच के हो सकते हैं। लेकिन मैं मानता हूं कि मैं ओल्ड फैशन व्यक्ति हूं।

### खाटू श्याम-अजमेर जाना हुआ आसान, झारखंड से राजस्थान के लिए नई ट्रेन शुरू



**गुरुग्राम, एजेंसी।** खाटू श्याम, सालासर बालाजी और अजमेर शरीफ जैसे धार्मिक स्थलों पर जाने वालों के लिए खुशखबरी है। भारतीय रेलवे ने झारखंड से राजस्थान के लिए एक नई ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन गुरुग्राम और रेवाड़ी स्टेशन से होकर गुजरेगी। रेलवे द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक, ट्रेन संख्या 19603/04 गोड्डा (झारखंड) और अजमेर (दौराई) के बीच चलेगी। इससे गुरुग्राम में नौकरी करने वाले उन लोगों को भी सुविधा होगी, जो राजस्थान और झारखंड से हैं। इस ट्रेन से खाटू श्याम, सालासर, अजमेर शरीफ, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थानों पर जाने वाले लोगों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

**ट्रेन इन स्टेशनों से होकर गुजरेगी :** रेलवे अधिकारी विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह ट्रेन अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमका थाना, नरनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज (प्रयागराज), मिर्जापुर, चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओनसोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, पोड़ैयाहाट होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गुरुग्राम कॉरपोरेट हब है। यहां के सैकड़ों यात्रियों को इस ट्रेन से सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

*हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं*

# जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा: राधा मोहनदास अग्रवाल

**जयपुर, एजेंसी।** साल 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। चुनावों के बाद रिजल्ट आए तो बीजेपी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। जीत के बाद सबसे बड़ा सवाल सामने आया कि आखिर अब मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा। कई दिनों तक चले इंतजार के बाद बीजेपी ने जो फैसला किया, उसने सबको चौंका दिया। भाजपा ने जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से जीतकर आए भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बना दिया। मुख्यमंत्री के ऐलान वाली पर्ची जब राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को दी, उनका रिएक्शन आज भी लोगों को याद है। ऐसे में अब अटकलें शुरू हो गई थीं कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान का मुख्यमंत्री हटाकर किसी और को बनाने का प्लान कर रही है। लेकिन राजस्थान के भाजपा प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने सब साफ कर दिया है।



### क्या बोले राधा मोहनदास अग्रवाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाए जाने की अटकलों के बीच जब राधा मोहनदास अग्रवाल से पूछा गया कि क्या भारतीय जनता पार्टी उन्हें हटाने की तैयारी कर रही है इस मामले पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा में जो व्यक्ति एक बार मुख्यमंत्री बन गया वो बन गया। उन्होंने कहा कि हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं। जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा कि क्या करना है। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि हम इस तरह का काम करके विरोधियों को मौका नहीं देते हैं। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा में काम का आंकलन किया जाता है, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाता है। इस दौरान उन्होंने भजनलाल शर्मा को लेकर कहा कि राजस्थान में जब विधानसभा चुनाव आएंगे तो इस बात पर निर्णय लिया जाएगा। अभी इस मामले पर कोई बात नहीं हुई है। अग्रवाल ने कहा कि सबका आंकलन आखिरी में ही किया जाता है, फिर चाहे वो विद्यार्थी हो, वकील हो या कोई और काम करने वाला, उन्होंने कहा ऐसा ही राजनीति में होता है। जब चुनाव आते हैं तो नेताओं के काम का आंकलन किया जाता है। ऐसे ही भजनलाल शर्मा के काम का आंकलन किया जाएगा।

## आश्रम में मिला गांजा, सेक्स टॉयज, वियाग्रा; छत्तीसगढ़ के पाखंडी बाबा तरुण अग्रवाल की खुली पोल

**डोंगरगढ़, एजेंसी।** नाम तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू। काम खुदको योगगरु बताकर लोगों को योग सिखाना। मगर मामला कुछ और ही था। दरअसल अपने आपको योगगुरु बताने वाले बाबा पाखंडी निकले। उन्होंने छत्तीसगढ़ की पवित्र धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अपना पाखंड का अड्डा जमा रखा था, जिसके काले कारनामों की पोल खुली चुकी है। आश्रम से पुलिस ने 2ग्राम गांजा, सेक्स टॉयज, नशीली दवाइयां, वियाग्रा टेबलेट समेत तमाम चीजें बरामद कीं। उसके निशाने पर नौजवान लड़के-लड़कियां थे। जांच में सामने आया है कि उसके आश्रम में देर रात लड़कियों का जमावड़ा लगता था, इसमें विदेशी लड़कियां भी मौजूद होती थीं।



**गोवा से वापसी कर शुरू किया नया खेल :** पुलिस की जानकारी के मुताबिक पाखंडी बाबा तरुण अग्रवाल करीब 20 साल पहले डोंगरगढ़ में ही अपना पीसीओ चलाता था, लेकिन फिर वो वहां से गोवा चला गया। मगर फिर वह बीते दो साल पहले वापस लौट आया। यहां उसने करीब छह करोड़ रुपये लगाकर जमीन खरीदी और उसमें अपना फॉर्म हाउस बनवाया। स्थानीय लोगों को इस बात की भनक लग चुकी थी कि वह अपने आश्रम में बच्चों को गांजा पिलाता है। इस कारण उसका विरोध भी हो रहा था।

**पाखंडी बाबा के आश्रम से क्या बरामद हुआ :** उसके फॉर्म हाउस से लगातार संदिग्ध गतिविधियों के होने की बात सामने आती रहती थी। इसके चलते पुलिस ने एक रोज छापा मारा और फिर वहां जो मिला उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। छापेमारी में पुलिस को सेक्स टॉयज, नशीले इंजेक्शन, सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवाइयां, वियाग्रा और गांजा बरामद हुए।

# असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम, आधार कार्ड पर कौन सा नियम ला रहे सीएम हिमंता सरमा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वयस्कों के लिए आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है। आधार कार्ड जारी करने के सख्त नियमों से अवैध विदेशियों का पता लगाने और उन्हें देश से बाहर निकालने में राज्य सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा। सरमा ने की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहाकि आज हमने एक प्रस्ताव पर चर्चा की, जिसके तहत वयस्कों के लिए आधार कार्ड पूरी तरह से सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। कैबिनेट जल्द ही इस संबंध में निर्णय लेगी।

व्यापक जांच के बाद ही आधार कार्ड

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहाकि असम में करीब 100 प्रतिशत वयस्कों के पास आधार कार्ड हैं। उन्होंने कहाकि अगर कोई वयस्क आधार कार्ड के लिए आवेदन करता है, तो हम व्यापक जांच करेंगे। नए नियमों के प्रभावी होने के बाद से केवल जिला आयुक्त के पास आधार कार्ड जारी करने का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहाकि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई अवैध घुसपैठिया आधार कार्ड न हासिल करे और हम उसका आसानी से पता लगा सकते हैं तथा उसे उसके देश भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन योग्य वयस्क नागरिकों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है, उन्हें आवेदन करने का मौका मिलेगा। डिप्टी कमिश्नर को इसके लिए अधिकृत किया जाएगा।

### जन्म प्रमाणपत्र के लिए भी प्रक्रिया होगी सख्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी इसी प्रकार सख्त किया जाएगा। ऐसे मामलों में जिलाधिकारी को प्रमाणपत्र जारी करने वाला प्राधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि आधार कार्ड नागरिकता का दस्तावेज नहीं है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होता है, जिसमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना, बैंक में खाता खोलना, गैस कनेक्शन प्राप्त करना आदि शामिल है। उन्होंने कहाकि अगर हम आधार कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं, तो हम अन्य दस्तावेज जारी करने पर भी रोक लगा सकते हैं। हमें विदेशियों के यहां वैध रूप से लंबे समय तक रहने और आधार कार्ड बनवाने से कोई समस्या नहीं है। हमारी समस्या अवैध विदेशियों से है।

### अवैध बांग्लादेशियों पर ऐक्शन

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियमों को कड़ा करने से निर्वासन प्रयासों में मदद मिलेगी। उन्होंने कहाकि घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे निरंतर प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को निर्वासित किया। आधार जारी करने के नियमों को सख्त करने का निर्णय इस दिशा में हमारे प्रयासों में सहायता ही करेगा। मंत्रिमंडल ने मोरान और मटक समुदायों की स्वायत्त परिषदों के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है, इसस अब केवल इन समुदायों के लोग ही परिषद के चुनावों में मतदान कर सकेंगे।

# हिंदी विवाद पर फडणवीस का पलटवार, बोले- खुद उद्धव सरकार ने मंजूर की थी रिपोर्ट



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर भाषा विवाद ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया है कि जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत एक ऐसी समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया था, जिसमें मराठी के साथ-साथ हिंदी और अंग्रेजी को अनिवार्य करने की सिफारिश की गई थी। यह बयान उस समय आया है, जब उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य करने के कथित फैसले के खिलाफ 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

फडणवीस ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जब एनईपी 2020 लागू की गई थी, तब उद्धव ठाकरे की माहा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। उस समय एक 18 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था, जिसने नीति का अध्ययन किया। जून 2021 में इस समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि मराठी के साथ हिंदी और अंग्रेजी को अनिवार्य किया जाए। इस रिपोर्ट को 27 जनवरी 2022 को उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकार किया गया और इस पर आगे की कार्रवाई भी की गई। उन्होंने सवाल उठाया, क्या इस रिपोर्ट को तैयार करने वाले डॉ. रघुनाथ माशेलकर, भालचंद्र मुंगेकर और सुखदेव थोराट जैसे लोग महाराष्ट्र विरोधी हैं यह नीति उस समय स्वीकार की गई थी, जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। अब वे इसका विरोध क्यों कर रहे हैं फडणवीस ने यह भी कहा कि हमारी सरकार ने हिंदी को अनिवार्य नहीं किया है, बल्कि यह केवल एक वैकल्पिक भाषा के रूप में शामिल की गई है।

### उद्धव और राज ठाकरे का विरोध

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने हिंदी को प्राथमिक स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य करने के कथित कदम को मराठी अस्मिता पर हमला करार दिया है। दोनों नेताओं ने 5 जुलाई को मुंबई के गिरगांव चौपाटी से आजाद मैदान तक विराट मोर्चा निकालने की घोषणा की है। इस प्रदर्शन को मराठी एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया जा रहा है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जय महाराष्ट्र! स्कूलों में हिंदी की अनिवार्यता के खिलाफ एक संयुक्त और एकजुट प्रदर्शन होगा। ठाकरे ब्रांड है! राउत ने कहा कि राज ठाकरे ने उनसे संपर्क किया और सुझाव दिया कि इस मुद्दे पर दो अलग-अलग प्रदर्शन करने के बजाय एक संयुक्त प्रदर्शन अधिक प्रभावी होगा। उद्धव ने बिना किसी हिचक के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। उद्धव ठाकरे ने कहा, हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे जबरदस्ती थोपना स्वीकार्य नहीं है। यह एक भाषाई आपातकाल है। वहीं, राज ठाकरे ने इसे मराठी भाषा और संस्कृति पर हमला बताया। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने इस विवाद को गलतफहमी करार देते हुए कहा, मराठी भाषा अनिवार्य है, हिंदी केवल वैकल्पिक है।

## हिमाचल में उफनती नदी में दिखी लाखों कटी लकड़ियां, कांग्रेस विधायक ने लिया अपनी ही सरकार को आड़े हाथों



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की सैंज और बंजार घाटियों में हाल ही में आई बाढ़ ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं इस मॉनसूनी बारिश ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध वन कटाई की पोल भी खोलकर रख दी है। नदी-नालों में जिस तरह लकड़ियों का सैलाब देखने को मिला, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नदियों में बाढ़ के जो दृश्य सामने आए हैं, उनमें बड़े पैमाने पर पेड़ों की लकड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसके बाद उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे कोई लकड़ी की नदी बह रही हो। यूजर्ज़ सोशल मीडिया पर इसके वीडियो शेयर कर रहे हैं।

कुल्लू जिले के बंजार व सैंज क्षेत्र में दो दिन पहले बादल फटने के बाद आई बाढ़ में तीन लोग बह गए थे, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लेकिन इस बाढ़ के बाद जो तस्वीरें सामने आईं, उन्होंने वन विभाग और शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। नदी-नालों में बहती भारी मात्रा में लकड़ी से माना जा रहा है कि जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई हो रही है। मंडी जिले के पंडोह डैम में भी लाखों लकड़ियों के ढेर नजर आए, जो यह दिखा रहे हैं कि वन क्षेत्र में कटाई माफिया कितने सक्रिय हैं और छिपकर काम कर रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार प्राकृतिक आपदाओं के बाद इसी तरह की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। वर्ष 2023 में भी कुल्लू और शिमला जिले के रामपुर और सुन्नी क्षेत्रों में बाढ़ के बाद डैमों में लकड़ी के ढेर जमा हो गए थे।

**पुष्पा कौन कुल्लू के जंगलों में कौन चला रहा अवैध कटान:** नदी में बहती इन लकड़ियों को देखने के बाद अब यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है कि आखिर कुल्लू के जंगलों में पुष्पा कौन बन रहा है कौन लोग हैं जो इतने सुनियोजित तरीके से जंगलों को काटकर लकड़ी को इकट्ठा कर रहे हैं, जो बारिश और बाढ़ के बाद नदियों में बहती नजर आती है बता दें कि फिल्म 'पुष्पा' में फिल्म का हीरो बड़े पैमाने पर जंगल से लाल चंदन के पेड़ों को काटकर लकड़ियों की तस्करी करता था।

**कांग्रेस विधायक ने लिया सरकार को आड़े हाथों:** इस मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और शिमला जिला के ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपनी ही सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अवैध वन कटान और खनन हो रहा है जिससे हर साल प्राकृतिक आपदा में नुकसान उठाना पड़ रहा है और कुल्लू में बहकर आए पेड़ इसका बड़ा सबूत हैं। राठौर ने कहा कि हिमाचल में अवैध कटान और खनन वर्षों से जारी है, लेकिन अब यह बेकाबू हो चुका है। हर साल मॉनसून सीजन में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाएं होती हैं, जिनका एक बड़ा कारण जंगलों का अंधाधुंध दोहन है। कुलदीप राठौर ने शुक्रवार को शिमला में कहा कि कुल्लू में बहकर आई लकड़ियां इस बात की जीती-जागती मिसाल हैं कि राज्य में अवैध वन कटान हो रहा है।

# ठाकरे बंधुओं को मिला शरद पवार का साथ, विरोध-प्रदर्शन में होंगे शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) ने ठाकरे बंधुओं की ओर से 5 जुलाई को बुलाए गए विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने की घोषणा की है। एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष जयंत पाटिल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस मार्च में बड़ी संख्या में भाग लेने की भी अपील की। पाटिल की ओर से शुक्रवार शाम को जारी बयान में कहा गया, एनईपी 2020 की त्रि-भाषी नीति के तहत हिंदी के थोपे जाने के विरोध में मुंबई में मराठी भाषी नागरिकों की विशाल रैली होगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) ने इस मार्च को अपना पूरा समर्थन दिया है।

एससीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।




पवार की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार की ओर से संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 5वीं कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

**राज ठाकरे ने भी समर्थन देने का किया ऐलान:** उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे भले ही राजनीतिक रूप से अलग हों, लेकिन उन्होंने मराठी भाषा के मुद्दे पर एक साथ आने का फैसला लिया है। उनकी पार्टियां हिंदी भाषा थोपे जाने और पहली कक्षा से 5वीं कक्षा के लिए सरकार के त्रि-भाषा फॉर्मूले के खिलाफ मिलकर प्रदर्शन करेंगी। 5 जुलाई को होने वाला विरोध प्रदर्शन शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे को एक मंच पर लाएगा। दोनों नेताओं ने गुरुवार को एक ही समय पर अलग-अलग संवाददाता सम्मेलनों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

## पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, तीन धरे

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस को आतंक के खिलाफ अपनी कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशल के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था।


मोहाली स्थित स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने अमृतसर के रामदास निवासी सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जबकि एक 17 वर्षीय लड़के को भी पकड़ा गया है। पुलिस महानिदेशक ने इस भंडाफोड़ को लेकर कहा, एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, इससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, एक खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ, मोहाली ने पाकिस्तानी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसे ब्रिटेन स्थित निशान सिंह और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा द्वारा संचालित किया जा रहा था। एक किशोर को पकड़ा गया है और दो को गिरफ्तार किया गया है।

# 468 करोड़ के फ्रेश इश्यू लेकर आ रही वेकफिट इनोवेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी डी2सी होम और फर्निशिंग कंपनी वेकफिट इनोवेशन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसके माध्यम से फंड जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। अब सिर्फ सेबी की मंजूरी का इंतजार है।

**468.2 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर-** डीआरएचपी के अनुसार, बेंगलुरु की कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 468.2 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 5,83,99,085 इक्विटी



शेयरों (5.83 करोड़ शेयर) की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ओएफएस में प्रमोटर - अंकित गर्ग, चैतन्य रामलिंगगौड़ा और अन्य शेयरधारक- नितिका गोयल, पीक एक्सवी पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट वीआई, रेडवुड ट्रस्ट, वर्लिनवेस्ट एसए, एसएआई ग्लोबल इंडिया फंड द्ब एलएलपी, इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ इक्विटी फंड, इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ ऑपर्चुनिटी फंड और पैरामार्क केबी फंड द्ब शेयर बेचेंगे।

**क्या होगा आईपीओ से कमाई का-** वेकफिट ने नए इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग 117 नए कोको- रेगुलर स्टोर और एक कोको-जंबो स्टोर की स्थापना में होगा। इस कमाई से प्राप्त 82 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के फंड के लिए करने का प्रस्ताव किया है। वहीं, 108.4 करोड़ रुपये रकम का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## बीएचईएल को मिला अडानी से बड़ा ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो सरकारी कंपनी- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को सुस्ती थी लेकिन सोमवार को यह फोकस में रहेंगे। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बीएचईएल को अडानी समूह की कंपनी अडानी पावर से 6500 करोड़ का ऑर्डर मिला है। बता दें कि शुक्रवार को भेल के शेयर की कीमत 265 रुपये थी।

**कंपनी ने क्या कहा स्टॉक एक्सचेंज से-** बीएचईएल ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे अडानी पावर से 800 मेगावाट की छह थर्मल इकाइयों के लिए लेटर ऑफ अवार्ड मिला है। अवार्ड की प्रकृति में उपकरणों की आपूर्ति




शामिल है। सहायक उपकरणों के साथ एक स्टीम टर्बाइन जनरेटर, और निर्माण, कमीशनिंग का पर्यवेक्षण शामिल है। पीएसयू कंपनी ने कहा कि ऑर्डर का साइज जीएसटी को छोड़कर लगभग 6500 करोड़ है।

**बीएचईएल के नतीजे-** हाल ही में मिले ऑर्डर से बीएचईएल की प्रोजेक्ट पाइपलाइन में इजाफा हुआ है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष 25) में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। अप्रैल में कंपनी ने वर्ष के दौरान अब तक का सबसे अधिक ऑर्डर फ्लो हासिल किया, जिसकी राशि 92,534 करोड़ थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व में 19 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 27,350 करोड़ रुपये दर्ज की।

# एफवाय25 में अक्टिव्ह क्लोदिंग ने 40 प्रतिशत टॉपलाइन और 73 प्रतिशत शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की

**मोहाली, एजेंसी।** अक्टिव्ह क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजेश मेहरा ने कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा- एफवाय25 और क्यू4 में हमारी मजबूत प्रदर्शन से हम बेहद संतुष्ट हैं। यह हमारे व्यवसाय मॉडल की मजबूती और हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं की प्रभावशीलता को दर्शाता है। यह विकास हमारे नवाचार, संचालन में उत्कृष्टता और वैश्विक फैशन ब्रांड्स के साथ गहरे सहयोग पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का परिणाम है। इस वर्ष, हमने डिज़ाइन, निर्माण और तकनीक के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है, जिससे हमें बाज़ार की प्रवृत्तियों के अनुसार तेज़ी से प्रतिक्रिया देने और उच्च गुणवत्ता वाले, टिकाऊ उत्पादों को वितरित करने में सहायता मिली है। हमारा एकीकृत डिज़ाइन-टू-शेल्फ प्लेटफ़ॉर्म हमारी एक प्रमुख विशेषता बना हुआ है, जो हमारे भागीदारों के लिए तेज़ डिलीवरी और अधिक मूल्य प्रदान करता है। हमने जो गति प्राप्त की है उस पर हमें पूरा विश्वास है और हम भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं। जैसे-जैसे हम स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल समाधानों और नए उत्पाद श्रेणियों में निवेश जारी रखते हैं, हम इस विकास की गति को बनाए रखने और सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

# टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा

## मई 2025 में 3.24 मिलियन की बढ़ोतरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। यह अप्रैल के अंत में 1,203.84 मिलियन से बढ़कर मई 2025 के अंत में 1,207.08 मिलियन हो गई। इसमें 0.27 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई है। संचार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार मई महीने के दौरान उपभोक्ताओं की कुल संख्या में 3.24 मिलियन का उछाल आया।

**शहरी और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं में अंतर -** शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या अप्रैल 2025 के अंत में 667.19 मिलियन से बढ़कर मई 2025 के अंत में 669.69 मिलियन हो गई। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 536.65 मिलयन से बढ़कर 537.39 मिलियन हो गई। मई 2025 के दौरान शहर टेलीफोन उपभोक्ताओं में 0.37 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 0.14 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।



**समग्र टेली -घनत्व बढ़कर 85.36 प्रतिशत हुई-** भारत में समग्र टेली -घनत्व अप्रैल 2025 के अंत में 85.19 प्रतिशत से बढ़कर मई 2025 के अंत में 85.36 प्रतिशत हो गई। शहरी दूरसंचार घनत्व अप्रैल के अंत में 131.46 प्रतिशत से बढ़कर मई के अंत में 131.76 प्रतिशत हो जाएगा।

### दिल्ली में अधिकतम दूरसंचार घनत्व 274.29 प्रतिशत रहा

मई 2025 के अंत में कुल उपभोक्ताओं में शहरी और ग्रामिण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 55.48 प्रतिशत और 44.52 प्रतिशत थी। मई 2025 के अंत में दिल्ली सेवा क्षेत्र में अधिकतम दूरसंचार घनत्व 274.29 प्रतिशत था और बिहार सेवा क्षेत्र में न्यूनतम दूरसंचार घनत्व 57.57 प्रतिशत था। दूरसंचार घनत्व का मतलब है प्रति 100 व्यक्तियों पर उपलब्ध दूरसंचार कनेक्शन की संख्या।

# भारत के स्मार्ट और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स भविष्य को सशक्त बना रहा है गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप

## गुड एंड ग्रीन पोर्टफोलियो से 37 प्रतिशत से अधिक राजस्व के साथ, पर्यावरण-अनुकूल भागीदारों का नेटवर्क पिछले 3 वर्षों में 30 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे भारत विश्व स्तर पर विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स का केंद्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, गोदरेज एंटरप्राइज़ेज़ ग्रुप भी इस क्रांतिकारी बदलाव का नेतृत्व करने में हमेशा आगे है। अपने इंट्रालॉजिस्टिक्स व्यवसायों मैटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट और स्टोरेज सॉल्यूशन्स के माध्यम से, त्नश्वत्न द्धश्चञ्ज, ऑटोमेशन और ,द्ब से संचालित ऑटोमेटेड लॉजिस्टिक्स सिस्टम उपलब्ध कर रहा है, जो आधुनिक वेयरहाउस और कारखानों में परिचालन की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।

इंट्रालॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक मार्केट लीडर के रूप में, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप , अनुसंधान एवं विकास और नवाचार में आक्रामक रूप से निवेश कर रहा है ताकि विनिर्माण प्रक्रियाएं और उत्पाद अधिक टिकाऊ बन सके। स्टोरेज सॉल्यूशंस और मटेरियल हैंडलिंग क्षेत्र में कंपनी ने पिछले तीन वर्षों में औसतन 20-25 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी बनाए रखी है. यह उपलब्धि कंपनी को भारत के हरित लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में हो रहे परिवर्तनों का नेतृत्व करने के लिए एक मजबूत स्थिति प्रदान करती है. इसके अतिरिक्त, इंट्रालॉजिस्टिक्स व्यवसाय की घरेलू



खरीद का लगभग 85 प्रतिशत मूल्य स्थानीय स्रोतों से आता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' और मूल्य श्रृंखला में स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है।

# 9 जुलाई को न्यूयॉर्क में सैमसंग पेश करेगा अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स पिछले कई वर्षों से अपने डिवाइस इस सोच के साथ डिज़ाइन करता आया है कि लोगों को असल में क्या चाहिए – बेहतर परफॉर्मेंस, बेहतरीन कैमरा और स्मार्ट कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं उसी सोच का हिस्सा हैं। अब गैलेक्सी एआई के साथ सैमसंग इससे आगे बढ़ते हुए यह देख रहा है कि लोग अपने डिवाइस के साथ कैसे जुड़ते हैं और उनका इस्तेमाल कैसे करते हैं। जैसे-जैसे एआई तेजी से हमारा नया यूज़र इंटरफेस बन रहा है, यह टेक्नोलॉजी के साथ हमारे रिश्ते को भी नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। स्मार्टफोन अब सिर्फ ऐप्स और टूल्स का ज़रिया नहीं, बल्कि एक स्मार्ट साथी बनता जा रहा है जो यूज़र के इरादे को समझकर तुरंत प्रतिक्रिया देता है। यह बदलाव हमें प्रतिक्रिया से आगे बढ़ाकर उस स्थिति में ला रहा है जहां एआई के ज़रिए इरादा तुरंत एक्शन में बदल जाता है। नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस अब एक नए एआई-पावर्ड इंटरफेस को ध्यान में रखते हुए फिर से डिज़ाइन किए जा रहे हैं और इन्हें ऐसे अत्याधुनिक हार्डवेयर का साथ मिलेगा जो इनकी पूरी क्षमता को सामने लाएंगे। यह भविष्य अब आकार ले रहा है।9 जुलाई को, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में 'गैलेक्सी अनपैकड' का आयोजन करेगा, जहां वह अपने नए फोल्डेबल फोन लॉन्च करेगा।

- लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने भारत की प्रगति के गलियारों को सशक्त बनाने के लिए अब तक का सबसे बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया

# देश में गहराई तक तकनीक पहुंचाने और औद्योगिक साझेदारियों के माध्यम से अवसर बढ़ाने की रणनीति पेश की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने आज अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया। यह कदम भारत के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स और विकास गलियारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी।

इसका उद्देश्य भारत के विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के केंद्रों में तकनीकी अपनाने की गति को बढ़ाना है। कम वोल्टेज समाधानों, औद्योगिक ऑटोमेशन और नई ऊर्जा आवश्यकताओं पर गहरे फोकस के साथ, लॉरिट्ज़ नुडसेन एक तकनीक-आधारित बदलाव को आगे बढ़ा रहा है, जो भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरों तक पहुंचता है।

यह ऐतिहासिक अभियान कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो एक तकनीकी रूप से उन्नत, आर्थिक रूप से सशक्त और ऊर्जा-सक्षम भारत के निर्माण की दिशा में है – और यह सरकार के 'विकसित भारत 2047' विज़न के अनुरूप है। लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के सीओओ नरेश कुमार ने कहा- हमारा उद्देश्य स्मार्ट टेक्नोलॉजीज़ के ज़रिए ग्राहकों को ज़्यादा सुरक्षित, तेज़ और स्मार्ट तरीके से काम करने में सक्षम बनाना है। इस प्रोडक्ट शोकेस के माध्यम से हम यह भरोसा और मज़बूत कर रहे हैं कि नवाचार हर क्षेत्र की अलग-अलग ज़रूरतों के अनुसार सुलभ, अनुकूलनीय और प्रासंगिक होना चाहिए। फिर चाहे बात रायपुर की राइस मिल को ऑटोमेट करने की हो, कोयंबटूर की टेक्सटाइल मिल को ऊर्जा देने की हो, या पुणे के किसी प्लांट का आधुनिकीकरण करने की – हमारा पोर्टफोलियो असर डालने के लिए तैयार है

# सेव अर्थ मिशन ने अहमदाबाद में 'ग्लोबल विज़न अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा की


**अहमदाबाद, एजेंसी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, शेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्ब्स, एफओ×, बिजनेस इनसाइडर, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब, सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम - सेव अर्थ मिशन वैश्विक विजन का अनावरण - की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6:00 बजे द्बस्ञ्ज पर, प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब , अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह वैश्विक घोषणा शेव अर्थ मिशन की यात्रा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है — एक ऐसा मंच जहां संगठन अपने विस्तारित रोडमैप का अनावरण करेगा और अंतरराष्ट्रीय चैप्टर्स को एकजुट कर जलवायु संरक्षण के एक साझा लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा।

# जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने भारत के पेंट उद्योग में रणनीतिक विस्तार करने के लिए एक्ज़ो नोबेल इंडिया का अधिग्रहण करने के संबंध में किया निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर

**मुंबई, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू पेंट्स लिमिटेड (जेएसडब्ल्यू पेंट्स) ने आज एक्ज़ो नोबेल एन.वी. और उसके सहयोगियों से एक्ज़ो नोबेल इंडिया लिमिटेड (एएनआईएल) में 74.76 प्रतिशत तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निर्णायक समझौता किया। शेयर खरीद समझौते के तहत अधिकतम हस्तांतरण मूल्य 8,986 करोड़ तक होगा, जो कुछ समापन समायोजनों (प्रस्तावित हस्तांतरण) पर निर्भर करेगा। प्रस्तावित हस्तांतरण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से अनुमोदन और एएनआईएल के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए अनिवार्य निविदा प्रस्ताव (खुली पेशकश) के पूरा होने पर निर्भर होगा। जेएसडब्ल्यू पेंट्स, भारत की सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज करती पेंट कंपनी है और यह 23 अरब अमेरिकी डॉलर के जेएसडब्ल्यू ग्रुप की अंग है, जो भारत का अग्रणी औद्योगिक समूह है। यह समूह स्टील, सीमेंट, ऊर्जा बुनियादी ढांचा, वाहन के कल-पुर्ज़े और पेंट समेत विभिन्न बी2बी और बी2सी क्षेत्रों में कारोबार करता है। एएनआईएल भारत की अग्रणी सजावटी (डेकोरेटिव) और औद्योगिक पेंट कंपनियों में से एक है और नीदरलैंड मुख्यालय वाली डेकोरेटिव पेंट एवं औद्योगिक कोटिंग क्षेत्र की प्रमुख वैश्विक कंपनी एक्ज़ो नोबेल की अंग है।जेएसडब्ल्यू पेंट्स को यह महत्वपूर्ण अधिग्रहण इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक के रूप में स्थापित करेगा। आने वाले दिनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के प्रबंध निदेशक, पार्थ जिंदल ने कहा, पेंट और कोटिंग, भारत के सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्रों में से एक है और जेएसडब्ल्यू पेंट्स सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज कर रही पेंट कंपनियों में से एक है।

# आईपीओ में छह महीने का रिकॉर्ड टूटा, 8 कंपनियों ने जुटाए 17,688 करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेकेंडरी बाजार में अच्छी तेजी के बाद प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ ने रफ्तार पकड़ ली है। बीएसई सेंसेक्स जहां अक्तूबर के बाद पहली बार 84,000 के पार पहुंचा है, वहीं आईपीओ बाजार ने छह महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जून में 8 कंपनियों ने 17,688 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले दिसंबर, 2024 में 26,021 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। इस महीने के पहले 12 दिन तक एक भी आईपीओ नहीं आया है। 15 दिन में 8 कंपनियां बाजार में उतर गईं। सबसे बड़ा 12,500 करोड़ का इश्यू एचडीबी फाइनेंशियल का रहा। जुलाई भी अच्छा दिख रहा है। दो और तीन जुलाई को दो कंपनियां 2,860 करोड़ जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। इस साल मुख्य प्लेटफॉर्म पर 24 कंपनियों ने बाजार से 45,374 करोड़ जुटाए। हालांकि, मार्च और अप्रैल में केवल एक कंपनी ही लिस्ट हुई थी। छोटी और मझोली कंपनियां यानी एसएमई आईपीओ में भी तेजी बनी हुई है। इस साल अब तक कुल 100 कंपनियों ने 4,395 करोड़ रुपये जुटाए हैं।




**आईपीओ में इसलिए तेजी-** प्राइम डाटाबेस के एमडी प्रणव हल्दिया कहते हैं कि आईपीओ बाजार सेकेंडरी बाजार पर निर्भर होता है। अक्तूबर से मार्च तक बाजार में गिरावट रही थी, जिससे आईपीओ बाजार भी थम गया था। अप्रैल से जैसे ही बाजार ने तेजी भरी, आईपीओ में भी तेजी आने लगी है।

# बीईएमएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

- रणनीतिक औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा; बिलासपुर में केंद्रीय वेयरहाउसिंग केंद्र की आधारशिला रखी गई

**बिलासपुर ।** मध्य भारत में अपनी औद्योगिक उपस्थिति को मजबूत करने की एक बड़ी पहल के तहत, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री शांतनु रॉय ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से रायपुर में मुलाकात की और राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की, इस दौरान राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी और अधोसंरचना, रक्षा एवं खनन क्षेत्रों में भविष्य की सहयोग संभावनाओं पर चर्चा हुई।

इससे पहले, छत्तीसगढ़ सरकार ने बीईएमएल को अत्याधुनिक खनन उपकरण निर्माण इकाई की स्थापना के लिए 100 एकड़ भूमि आवंटित की थी। आगामी सुविधा मध्य भारत के खनिज समृद्ध क्षेत्र में उन्नत और स्वदेशी रूप से विकसित खनन मशीनरी की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। यह पहल भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो स्थानीय उत्पादन, कौशल, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विक्रेता पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर केंद्रित है। संचालन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, बीईएमएल ने बिलासपुर में एक आधुनिक केंद्रीय वेयरहाउसिंग केंद्र की आधारशिला भी रखी है। यह सुविधा एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित होगी, जो बीईएमएल के प्रमुख क्षेत्रों – रक्षा, रेल और मेट्रो, तथा खनन और निर्माण – में आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता और सेवा वितरण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाएगी। भूमिपूजन समारोह का उद्घाटन बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री शांतनु रॉय ने किया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहान, बीईएमएल लिमिटेड के निदेशक (वित्त) श्री अनिल जेरथ तथा निदेशक (खनन एवं निर्माण) श्री संजय सोम सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पाइन लैब्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

**मुंबई, एजेंसी।** पाइन लैब्स लिमिटेड (कंपनी), जो एक तकनीकी कंपनी है और व्यापार को डिजिटाइज़ करने के उद्देश्य से डिजिटल भुगतान, इश्यूइंग सॉल्यूशंस और अन्य तकनीकी सेवाएं व्यापारियों, उपभोक्ता ब्रांड्स, एंटरप्राइज़ेस और वित्तीय संस्थानों को प्रदान करती है, ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है।

## इस प्रस्ताव में दो भाग शामिल हैं

2,600 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 1,47,822,225 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री जो मौजूदा शेयरधारकों द्वारा की जाएगी। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में पाइन लैब्स ने अपने प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कुल 7,531.05 बिलियन का ग्रॉस ट्रांजैक्शन वैल्यू और 3.97 बिलियन लेनदेन प्रोसेस किए। उसी तारीख तक, कंपनी के साथ जुड़े थे- 9,15,731 व्यापारी 666 उपभोक्ता ब्रांड्स और एंटरप्राइज़ेस और 164 वित्तीय संस्थान, जो इसके प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग तेज़, सुरक्षित और सुविधाजनक लेनदेन व व्यापार प्रबंधन के लिए कर रहे हैं।

# फ्रेओ ने शुरू की अनोखी पहल बीमा खरीदने से पहले भारतवासियों को हेल्थ इंश्योरेंस को समझाने की मुहिम

**मुंबई, एजेंसी।** 28 जून है इंश्योरेंस अवेयरनेस डे एक ज़रूरी याद दिलाने वाला दिन कि भारत में बीमा कवरेज भले ही बढ़ रहा हो, लेकिन इसे समझने की रफ़्तार अभी भी धीमी है। हर 10 में से 8 पॉलिसीधारकों को यह तक नहीं पता होता कि उनकी बीमा पॉलिसी क्या कवर करती है, क्या नहीं करती और दावा कैसे किया जाता है। यही वजह है कि फ्रेओ ने बीमा को बेचने से पहले समझाने की पहल की है। 3.5 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के लिए क्रेडिट को आसान बनाने के बाद, अब फ्रेओ ने उठाया है अगला बड़ा कदम हेल्थ इंश्योरेंस को हर भारतीय के लिए समझने लायक और अपनाने लायक बनाना।

फ्रेओ के सीईओ और सह-संस्थापक कुणाल वर्मा कहते हैं भारत में ज़्यादातर बीमा प्लेटफॉर्म और ब्रांड सिर्फ बीमा बेचने की दौड़ में लगे हैं। लेकिन सवाल ये है क्या लोगों को सही में पता है कि उन्होंने क्या खरीदा बीमा बेचना ज़रूरी है, लेकिन उससे कहीं ज़रूरी है लोगों को इसे समझाना। हमारा मानना है कि बीमा लोगों को उलझाए नहीं, सशक्त बनाए। यही सोच लेकर हम ये पहल शुरू कर रहे हैं ताकि हर भारतीय भरोसे और समझदारी से फैसला ले सके।

फ्रेओ को हाल ही में आईआरडीएआई से कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस मिला है। इसके साथ ही फ्रेओ ने एक खास पहल की शुरुआत की है, जिसका मकसद है— हेल्थ इंश्योरेंस को सरल, पारदर्शी और तनाव-मुक्त बनाना, ताकि लोग पूरे आत्मविश्वास के साथ सही फैसले ले सकें।

आज भी भारत में लाखों लोग बीमा इसलिए नहीं लेते क्योंकि वो इसे समझ ही नहीं पाते। समस्या पैसों की नहीं है, समझ की है। भारी-भरकम शब्दों, छिपी शर्तों, और कुछ भी कवर नहीं होता वाली फीलिंग के चलते ज़्यादातर लोग बीमा से कतराते हैं। भारत में इंश्योरेंस की पहुंच अभी भी केवल 3.7प्रतिशत है — जबकि दुनिया का औसत लगभग दोगुना (7प्रतिशत) है। फ्रेओ के हालिया सर्वे में सामने आया कि हर 100 में से 96 लोगों को बीमा या तो बहुत पेचीदा लगता है या फिर उनकी ज़िंदगी से जुड़ा हुआ नहीं लगता। और यहीं से शुरू होता है फ्रेओ का मिशन — बीमा को बनाना हर भारतीय के लिए समझदारी भरा, भरोसेमंद और बिल्कुल साफ।



# एक्टर्स के लिए खतरा बन सकता है AI: करण टैकर

अभिनेता करण टैकर की अपकमिंग वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज को तैयार है। टैकर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं और खतरों पर बात की। उनका मानना है कि एआई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मददगार है, लेकिन यह एक्टर्स के लिए खतरा भी बन सकता है। साथ ही, साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों ने भी उनकी चिंता बढ़ा दी है। करण टैकर ने बताया कि उनकी सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 मुख्य रूप से साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें एआई का भी छोटा-सा हिस्सा है। उन्होंने बताया, एआई अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। फिल्मों में वीएफएक्स के जरिए धमाकों जैसे सीन बनाए जाते हैं, जो एआई की मदद से संभव होते हैं। करण ने यह भी बताया कि उनके दो विज्ञापन एआई की मदद से बनाए गए थे। हालांकि, करण ने एआई के खतरों पर चिंता जताई। उन्होंने एक अनुभव साझा करते हुए बताया, निर्देशक नीरज पांडे ने मुझे एक तीन मिनट की शॉर्ट फिल्म दिखाई, जो पूरी तरह एआई पर आधारित थी। इसमें सभी किरदार नकली थे और कंप्यूटर प्रॉम्प्ट्स से बनाए गए थे। यह इतना वास्तविक लग रहा था कि मुझे यकीन नहीं हुआ। करण को डर है कि एआई की वजह से भविष्य में अभिनेताओं की जरूरत कम हो सकती है, क्योंकि अब ऐसी तकनीक से फिल्में बनाना आसान हो गया है। उन्होंने सलाह दी कि इस बदलते दौर में सतर्क रहना जरूरी है। करण ने हाल ही में एक साइबर फ्रॉड का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया, मुझे एक फर्जी कॉल आया, जिसमें कहा गया कि मेरा निवेश मैच्योर हो चुका है और मुझे टैक्स डिटेल्स भेजने होंगे। उनके पास मेरे फंड की पूरी जानकारी थी, लेकिन यह एक धोखा था। करण का मानना है कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। 'स्पेशल ऑप्स 2' एक्शन और जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसका पहला सीजन साल 2020 में रिलीज हुआ था। इसे नीरज पांडे ने डायरेक्ट किया है।

सीरीज में करण टैकर के साथ केके मेनन भी अहम भूमिका में हैं। करण ने अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट में भी काम किया है। फिल्म 18 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# श्वेता फिर पहुंचीं बीच हॉलीडे पर

टीवी की फेमस एक्ट्रेस श्वेता तिवारी एक बार फिर बीच पर छुट्टियां मनाती दिख रही हैं। एक सिंगल मदर के तौर पर श्वेता अपने बच्चों के लिए भरपूर वक्त निकालती हैं ताकि मां और पिता दोनों की जरूरतें वो पूरी कर सकें। जब भी उन्हें काम से उन्हें फुर्सत मिलता है, वो अपने बच्चों को लेकर हॉलीडे पर जाना पसंद करती हैं। एक बार फिर अपने बेटे के साथ श्वेता क्वॉलिटी टाइम बिताने के लिए बीच पर जा पहुंची हैं। श्वेता इस हॉलीडे के लिए मॉरिशस में हैं। समंदर किनारे से उन्होंने कई खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरें में श्वेता को देखकर एक बार फिर से लोग हैरान हैं श्वेता की खूबसूरती के दीवाने हुए जा रहे हैं।

# द फैमिली मैन 3 का फर्स्ट लुक हुआ जारी

## जयदीप अहलावत और निमरत कौर की हुई कास्ट में एंट्री



**प्राइम** वीडियो ने आज अपनी मोस्ट लव्ड सीरीज़ द फैमिली मैन के नए सीज़न का टीज़र रिलीज़ कर दिया है। इस टीज़र में फैंस को एक झलक मिली है उस कहानी की जिसका इंतज़ार लंबे वक्त से हो रहा था। राज और डीके की जोड़ी ने इसे अपने बैनर DwR फिल्म्स के तहत बनाया है और एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी के रोल में नज़र आने वाले हैं, जो एक तरफ देश के लिए एक अंडरकवर जासूस की जिम्मेदारियां निभाते हैं और दूसरी तरफ एक मिडिल क्लास फैमिली में पिता और पति के रोल में तालमेल बैठाते हैं।

द फैमिली मैन के इस नए सीज़न को राज, डीके और सुमन कुमार ने मिलकर लिखा है, जबकि डायलॉग्स सुमित अरोड़ा ने दिए हैं। सीरीज़ का निर्देशन राज और डीके कर रहे हैं, और इस बार उनके साथ सुमन कुमार और तुषार सेठ भी डायरेक्शन में जुड़े हैं। इस साल आने वाला सीज़न 3 और भी बड़ा होने वाला है, क्योंकि श्रीकांत तिवारी का सामना इस बार दो नए खतरनाक दुश्मनों जायदीप अहलावत और निमरत कौर से होगा। इस सीज़न में कहानी देश की सीमाओं के भीतर और बाहर दोनों ओर से आ रहे खतरों के बीच श्रीकांत के संघर्ष को दिखाएगी।पहले के अहम किरदारों के साथ भी वापसी हो रही है, जिसमें प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अलेशा ठाकुर (धृति तिवारी) और वेदांत सिन्हा (अथर्व तिवारी) फिर से अपने किरदारों में नजर आएंगे।

माधोक, डायरेक्टर और हेड ऑफ़ ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो इंडिया ने कहा, द फैमिली मैन आज सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में प्राइम वीडियो की सबसे पसंदीदा और सराही जाने वाली फ्रेंचाइज़ी बन चुकी है। जैसे ही दर्शकों ने सीज़न 2 देखा, हमें तीसरे सीज़न के लिए लगातार रिक्वेस्ट्स मिलने लगीं। और इस बार भी, जैसा कि उम्मीद थी, राज, डीके और सुमन ने खुद को पीछे छोड़ते हुए एक नई, दिलचस्प कहानी गढ़ी है, जिसमें दांव पहले से कहीं ज़्यादा बड़े हैं और थ्रिल भरपूर है। हमें पूरा भरोसा है कि दुनियाभर के फैंस इस सीज़न को खूब पसंद करेंगे और इसे एंजॉय करेंगे। क्रिएटर्स, डायरेक्टर्स और राइटर्स राज एंड डीके ने सीज़न 3 को लेकर अपना विज़न शेयर करते हुए कहा, हर नए सीज़न के साथ हम खुद को एक नई चुनौती देते हैं – कहानी, स्केल और परफॉर्मेंस को और ऊंचा उठाने की कोशिश करते हैं ताकि दर्शकों को पिछली बार से ज्यादा एंटरटेनमेंट मिल सके। हम अपने फैंस की धैर्य के लिए शुक्रगुज़ार हैं। सीज़न 3 में श्रीकांत और उसकी टीम को ऐसे खतरनाक हालातों से गुजरना पड़ेगा जहां उनकी सीमाएं, रिश्ते और भरोसे सब कुछ कसौटी पर होंगे। साथ ही श्रीकांत को इस बार एक बदले हुए पारिवारिक माहौल से भी जूझना पड़ेगा। इस बार श्रीकांत और उनकी टीम का सामना कुछ बेहद ताकतवर और खतरनाक नए दुश्मनों से होगा.

# एफआईआर होने के बाद पूजा बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

## निर्माता ने अपहरण कराने का लगाया था आरोप

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा पर हाल ही में धोखाधड़ी और पैसा वसूलने का आरोप लगा था। अब पूजा ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। टीवी की जानी-मानी जोड़ी पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा इन दिनों एक संगीन विवाद में फंसे हुए हैं। हाल ही में फिल्म निर्माता श्याम सुंदर डे ने इन दोनों पर अपहरण, शारीरिक हमले और पैसे वसूलने का आरोप लगाया है। इस मामले में निर्माता की पत्नी मालविका डे ने एफआईआर भी दर्ज करवाई है। वहीं अब पूजा बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस घटना को अपने जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, पूजा और कुणाल कुछ दिनों पहले खुद को एक आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार बता चुके हैं। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मेहनत की कमाई किसी करीबी ने हड़प ली। लेकिन इसी बीच एक नया मोड़ तब आया जब प्रोड्यूसर श्याम सुंदर डे ने उन पर गंभीर आरोप लगाए। श्याम के मुताबिक, वो गोवा में एक काम के सिलसिले में रुके थे, तभी एक काली जगुआर कार ने उनका रास्ता रोका और दो लोगों ने उन्हें जबरदस्ती कार से उतरने को कहा। उन्होंने जब पूजा को देखा, तो उन्हें लगा कि कोई गलतफहमी हुई है और वो उनके साथ चले गए। लेकिन बाद में उन्हें एक विला में बंद कर दिया गया।






मैसा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

# एक्ट्रेस बोलीं- यह खतरनाक, गंभीर और बिलकुल असली

**रश्मिका मंदाना ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्म मैसा की पहली झलक दिखाई। उन्होंने बताया कि इसमें उनका किरदार निडर और ताकतवर है। अभिनेत्री ने बताया कि उनका यह किरदार उनके एक ऐसे रूप को दिखाता है जिसे उन्होंने भी पहले कभी नहीं देखा था।**

रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया, जिसमें उनका किरदार काफी ताकतवर और गंभीर दिखाया गया है। पोस्टर में उनका चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है और आंखों में क्रोध की ज्वाला धधक रही है। यह उनके किरदार की उग्रता को दर्शाता है। लुक की बात करें तो उन्होंने लाल साड़ी पहनी हुई है। उनके गहने आदिवासी स्टाइल की याद दिलाते हैं। इसके अलावा, उन्होंने चांद के आकार वाली बिंदी भी लगाई हुई है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रश्मिका मंदाना ने कैप्शन में लिखा, मैं हमेशा आप लोगों को कुछ नया, कुछ अलग और कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं। यह उन्हीं में से एक है, एक ऐसा किरदार जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया, एक ऐसी दुनिया जिसमें मैंने कभी कदम नहीं रखा, और अपने एक नए रूप से मिलना, जिसे मैं भी पहले नहीं जानती थी। यह बहुत ही खतरनाक, गंभीर और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी नर्वस भी हूं और बहुत उत्साहित भी हूं। मैं सच में इसके रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकती। ये तो बस शुरुआत है। मैसा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन रविंद्र पुल्ले कर रहे हैं।

वहीं अजय और अनिल सैय्यापुरेड्डी ने अपने बैनर अनफॉर्मूला फिल्म्स के तहत इसे प्रोड्यूस किया है। मैसा हिंदी के साथ तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत को निकाले जाने का दावा गलत

**फिल्म** सरदार जी 3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के कारण दिलजीत दोसांझ विवादों में घिर गए हैं। एक तरफ जहां उनका विरोध हो रहा है, वहीं कुछ फिल्म संगठनों ने उन पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें बॉर्डर 2 से हटाने की मांग उठाई है। इस बीच ऐसी खबरें भी आई कि उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया है। हालांकि, ये सभी दावे गलत हैं दिलजीत अब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

फिल्म से जुड़े सोर्स का कहना है कि बॉर्डर 2 से दिलजीत दोसांझ को हटाने या उनकी जगह किसी और को लाने का कोई प्लान नहीं है। उनकी कास्टिंग करीब नौ महीने पहले की गई थी, तब कोई भी घटना नहीं घटी थी। फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग भी हो चुकी है, इसलिए अब बदलाव करना मुश्किल है।

दरअसल, इंडिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फिल्म बॉर्डर 2 भारतीय सेना पर आधारित है, इसलिए मेकर्स ने दिलजीत को फिल्म से हटाने का फैसला किया है। इतना ही नहीं उनकी जगह अब एक्टर और सिंग एमी विर्क को लिया जा सकता है।

### जानें क्या है पूरा मामला

सरदार जी 3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट को लेकर फेडरेशन ने कहा था, हानिया ने सोशल मीडिया पर कई बार भारत विरोधी पोस्ट शेयर किए हैं। फेडरेशन ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि ऐसे समय में जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, एक भारतीय कलाकार का पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ काम करना राष्ट्रीय भावना के खिलाफ है।

# मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने पीरियड्स, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने की अपनी पहल को जारी रखा

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर लंबे समय से अपने गैर-लाभकारी पहल प्रोजेक्ट शक्ति के ज़रिए महिलाओं के स्वास्थ्य की हिमायती रही हैं। और इस सामाजिक प्रभाव परियोजना को आगे बढ़ाते हुए, मानुषी ने हाल



ही में माहवारी, स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए युवा लड़कियों से मुलाकात की। अपनी पहल के तहत, मानुषी ने युवा लड़कियों को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने के लिए मुंबई के एक स्कूल का दौरा किया, सैनिटरी पैड वितरित किए और इस विषय पर खुली बातचीत को प्रोत्साहित किया। जबकि उन्होंने पहले से ही कई पहल का नेतृत्व किया है, जिससे न सिर्फ अनगिनत महिलाएँ अपनी माहवारी स्वच्छता को प्राथमिकता देने में मदद मिली हैं, बल्कि उन्हें मुफ्त सैनिटरी पैड्स भी उपलब्ध हुए हैं। अब मानुषी इस अभियान को युवाओं तक पहुंचाकर एक बड़ा कदम आगे बढ़ा रही हैं। माहवारी स्वास्थ्य को लेकर उनका समर्पण नया नहीं है।

## नहीं रहीं कांटा लगा गर्ल



# अभिनेत्री-मॉडल शेफाली जरीवाला का निधन

### कार्डियक अरेस्ट से गई जान

इंडस्ट्री से एक दुखभरी खबर सामने आई है। मॉडल और अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन हो गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में उनके निधन के बारे में दावा किया गया है। विरल भयानी की इंस्टाग्राम पोस्ट में भी शेफाली के निधन की जानकारी साझा की है। शेफाली मुंबई के अंधेरी लोखंडवाला इलाके में रहती थीं। अचानक रात 11 बजे के आस-पास उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की। उनके पति पराग त्यागी उन्हें नजदीक के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू करने से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। शेफाली के मेकअप आर्टिस्ट ने बातचीत में उनके निधन की पुष्टि की है।

रोते हुए उसने बस इतना बताया कि उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ। परिवार ने अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कांटा लगा गर्ल के नाम से मशहूर रहीं शेफाली की उम्र 42 वर्ष थी। उन्होंने फिल्म मुझसे शादी करोंगी में अक्षय कुमार और सलमान खान के साथ काम किया। वायरल बयानी ने विक्की ललवानी की पोस्ट का हवाला देते हुए बताया कि शेफाली को उनके पति और तीन अन्य लोग बेलेव्यू मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल लेकर गए। हॉस्पिटल के एक स्टॉफ ने इस खबर की पुष्टि की है कि शेफाली की मौत हॉस्पिटल आने से पहले ही हो चुकी थी।

# बोल्ड और इंटिमेट सीन कहानी के लिए जरूरी: अदिति शेट्टी

**एक्ट्रेस** अदिति शेट्टी ने राणा नायडू सीजन 2 में अपने बोल्ड और इंटिमेट सीन के बारे में की। उन्होंने कहा कि ये सीन कहानी और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझाने के लिए जरूरी थे। आईएएनएस से बात करते हुए अदिति शेट्टी ने कहा कि नए सीजन में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और जो भी सीन हैं, उन्हें बहुत सोच-समझकर फिल्माया गया है। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं। अदिति ने कहा, सीजन 2 में वास्तव में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और वे भी सावधानी से शूट किए गए हैं। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और मेरे किरदार के



सफर के लिए यह मायने रखते हैं। कुछ भी बेकार नहीं था, हमने जो भी किया, उसका उद्देश्य और गहराई थी। अदिति शेट्टी ने बताया कि उन्होंने राणा नायडू सीजन 2 में काम करने के लिए हां क्यों कहा। उन्होंने कहा, इसके कई कारण थे। मैंने पहले भी मिर्जापुर में निर्देशकों के साथ काम किया था, और मैं पहले से ही राणा नायडू सीजन 1 की बड़ी फैन थी। जब मुझे इस किरदार के बारे में पता चला, तो मैं काफी उत्साहित हुई। मेरा किरदार बहुत दिलचस्प है और कहानी के लिए अहम है। मैं अपने किरदार से काफी प्रभावित हुई। साथ ही, सीन भी जबरदस्त थे। खासकर राणा सर के साथ मेरा फेस-ऑफ सीन शानदार था। इन कुछ चीजों के चलते मैंने हां की। अदिति ने बताया कि राणा नायडू सीजन 2 में उनका किरदार तसनीम उनकी असल जिंदगी से काफी अलग है। उन्होंने कहा, तसनीम मेरी असली जिंदगी से बहुत अलग है।

साभार एजेंसी